रांची, सोमवार, 5 अगस्त 2024

संवत 2081, श्रावण कृष्ण पंद्रह संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 324 , पृष्ट-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

मेट्रो Rays आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक




4 खुशियों के बीज, बोने आती है हरियाली तीज

अपनी बहन की फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' देखकर भावुक हुए ऋतिक रोशन 6

# हाई टेंशन तार की चपेट में आये नौ कांवड़ियों की मौत

**◀ पहलेजा घाट स्थित गंगा नदी से जल लेकर आ रहे नौ कांवड़ियों की करंट के संपर्क में आने से मौत ◀ मृतकों के परिजनों को बिजली विभाग देगा चार- चार लाख मुआवजा**

**पटना/वैशाली:** बिहार में वैशाली जिले के पहलेजा घाट स्थित गंगा नदी से जल लेकर आ रहे 9 कांवड़ियों की करंट के संपर्क में आने से मौत हो गई। घटना रविवार देर शाम औद्योगिक थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में (नाइपर के सामने) हुई है, जहां हाई-वोल्टेज तार की चपेट में आने से 8 कांवड़ियों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक की मौत इलाज के दौरान हो गई है। पांचलोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

पुलिस के मुताबिक कांवड़ियों का जत्था पहलेजा घाट से गंगाजल भरने और बाबा हरिहरनाथ का जलाभिषेक करने के लिए निकला था। बताया जाता है कि कांवरियों का जुलूस गांव से करीब 500 मीटर दूर बढ़ा होगा कि हादसा हो गया। एक ट्रॉली पर डीजे और साउंड सिस्टम सेट किया हुआ था, जो 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आ गया। इससे पूरी ट्रॉली में 11 हजार वोल्ट का करंट फैल गया और इसकी चपेट में कांवड़िये आ गए। करंट लगने से 8 कांवड़ियों की मौत हो गई वहीं पांच झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनका इलाज कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि उनकी स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। हादसे में मृतक कांवड़िया जेठुई गांव के रहने वाले हैं। इस मामले में हाजीपुर एसडीपीओ ओम प्रकाश ने बताया कि डीजे ट्राली में ऊपर बांधकर ले जाने के दौरान 11 हजार वोल्ट के तार में सट गया, जिससे ट्राली में



करंट फैल गया और आठ लोगों की मौके पर मौत हो गई। इस हादसे में झुलसे लोगों में पांच से ज्यादा गंभीर हैं। कांवड़ियों का जत्था हर साल पहलेजा घाट से जल भरकर बाबा हरिहरनाथ पर जलाभिषेक के लिए जाता है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों का कहना था कि जैसे ही तार में डीजे सटा और करंट फैला, बिजली विभाग को फोन किया गया, लेकिन फोन नहीं उठाया। यदि समय पर फोन उठ जाते तो करंट की चपेट में आने वाले युवकों को बचाया जा सकता था। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने बिजली



विभाग के अफसरों और कर्मियों को मौके पर बुलाने की मांग को लेकर हंगामा किया और हाजीपुर-जंदाहा मार्ग को जामकर कर दिया। मौके पर पांच थानों की पुलिस और दमकल मौजूद थी। रात करीब पौने दो बजे समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीण माने, फिर सभी आठ शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। कई शव बुरी तरह झुलस गए हैं।

## झारखंड हाई कोर्ट ने अधिवक्ता गोपाल हत्याकांड का लिया स्वतः संज्ञान



मेट्रो रेस

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट ने रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की दिनदहाड़े हुई हत्या पर स्वतः संज्ञान लिया है। हाई कोर्ट के निर्देश पर सोमवार को राज्य के डीजीपी, रांची एसएसपी व एसआईटी के नेतृत्वकर्ता कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। सभी अधिकारियों ने इस मामले में अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी कोर्ट को दी। अधिकारियों ने अदालत को बताया कि एसआईटी गठन कर इस केस की जांच की जा रही है और अधिवक्ता के हत्यारों की गिरफ्तारी कर ली गई है। अधिवक्ता के परिवार को सुरक्षा भी दी जाएगी। साथ ही विक्टिम कंपनसेशन योजना के तहत अधिवक्ता के परिवार को आर्थिक सहायता भी पहुंचाई जाएगी। डीजीपी की जानकारी से संतुष्ट होकर अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है।



### राज्यपाल ने अमित शाह से की शिष्टाचार भेंट

**रांची:** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की।

### विधानसभा थाना क्षेत्र से शव बरामद

**रांची:** विधानसभा थाना क्षेत्र के नयासराय रिंग रोड के पास से सोमवार की सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। उसके बारे में बताया जा रहा है कि वह पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित अपने घर आश्रम में इलाज कराने आया था। इसी दौरान सोमवार को झाड़ी से उसका शव मिला। उसकी मौत कैसे हुई अब तक इसके पीछे की सही वजह सामने नहीं आ पायी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज भेज दिया।

## तेज बारिश से फैक्ट्री की दीवार ढही 13 श्रमिक मलबे में दबे, तीन की मौत



**जोधपुर:** बोरानाड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक फैक्ट्री की दीवार ढह गई। मलबे में करीब 13 श्रमिक दब गए। जिनमें से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। श्रमिकों को मलबे से निकालकर एमडीएम हॉस्पिटल भिजवाया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। दो श्रमिकों के शव को एम्स हॉस्पिटल की मोर्चरी और एक श्रमिक का शव एमडीएम की मोर्चरी में रखवाया गया है। सभी मजदूर कोटा व मध्यप्रदेश के रहने वाले है। जानकारी के अनुसार रविवार रात से जोधपुर में बारिश का दौर चल रहा है। ऐसे में बोरानाड़ा थाना क्षेत्र के सालावास रोड पर महालक्ष्मी टिम्बर नाम से संचालित होने वाली एक फैक्ट्री की दीवार सुबह चार बजे अचानक से ढह गई। दीवार के पास दूसरी फैक्ट्री के श्रमिकों की रहने के लिए तीन शेड बने हुए थे। दीवार गिरने से 13 श्रमिक मलबे के नीचे दब गए। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस व अन्य लोग भी मदद के लिए मौके पर पहुंच गए और श्रमिकों को मलबे से बाहर निकाला गया। हादसे में तीन श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य घायल श्रमिकों का एम्स हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। इनमें से एक श्रमिक की हालत गंभीर बनी हुई है। बोरानाडा थाने के एसएचओ शकील अहमद ने बताया कि तेज बारिश के कारण देर रात तीन बजे न्यू महालक्ष्मी फैक्ट्री की दीवार गिर गई। फैक्ट्री की दीवार के पीछे मजदूरों के टिन शेड बने हुए थे। ऐसे में पीछे की दीवार मजदूरों के टीन शेड पर जाकर गिर गई, जिसमें 13 मजदूर दब गए। सूचना मिलते ही करीब साढ़े तीन बजे पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लेकिन, तब तक तीन मजदूरों की मौत हो चुकी थी। वहीं, अन्य मजदूरों को दीवार काटकर बाहर निकाला।




# रघुवर दास कैबिनेट के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति केस में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

मेट्रो रेस

**रांची:** सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव द्वारा रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक सम्पति मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार और एसीबी को चार सप्ताह में एफिडेविट के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। एसीबी को इस मामले में अब तक हुई कार्रवाई के बिंदु पर जवाब दाखिल करना है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच में इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। वर्ष 2020 में याचिकाकर्ता पंकज




यादव ने याचिका दायर कर पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुईस मरांडी और रणधीर सिंह के खिलाफ आय से अधिक सम्पति होने का आरोप लगाते हुए एसीबी से जांच की मांग की थी। जुलाई 2023 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैबिनेट से पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी जांच की स्वीकृति दी थी। इसके बाद एसीबी ने पूर्व मंत्रियों के खिलाफ जांच कर पंकज यादव की शिकायत को सत्य पाया था। एसीबी ने इस मामले में पीई दर्ज कर पूर्व मंत्रियों को और शिकायतकर्ता को नोटिस भी भेजा था। अब देखना यह है कि इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में शुरू होने के बाद एसीबी की जांच और कार्रवाई कितनी तेज होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### इनरव्हील क्लब ने बच्चों को कैंसर के प्रति किया जागरूक

**रांची :** इनरव्हील क्लब ऑफ रांची साउथ की महिलाओं ने खूंटी स्थित महात्मा एनडी ग्रोवर हाई स्कूल में कई सामाजिक कार्य किये। महिलाओं ने बच्चों को महामारी की तरह फैल रहे कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यशाला (वर्कशॉप) का भी आयोजन किया। साथ ही दो बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सिन लगवाया। क्लब की ओर से बच्चों के बीच पढ़ाई लिखाई के सामान, राशन व खाने पीने की कई चीजों का भी वितरण किया गया। विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आम, जामुन, नीम, कटहल आदि के पौधे लगाये गये। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष नीलम, सचिव अन्नू, कांति, तनुजा, सुनीता, रमा सहित कई सदस्य मौजूद रहीं।

### नौ जुआरी गिरफ्तार

**लोहरदगा:** पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर के नेतृत्व में अजय उद्यान के पीछे राम लखन प्रसाद के घर अवैध रूप से जुआ खेल रहे नौ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों में राम लखन प्रसाद, उमेश प्रसाद, तनवीर कुरेशी, टिंकू कुरैशी, अवधेश साहू, कमलेश प्रसाद साहू, अब्दुल मजीद, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद सोनू शामिल हैं। इनके पास से ताश के पत्ते, नकदी, अंग्रेजी शराब का 12 बोतल, 11 मोबाइल, दो स्कूटी, दो बाइक बरामद किया गया। इनके खिलाफ लोहरदगा थाना कांड संख्या 156/24 धारा 292/3 (5 ) बीएनएस 3/4 बंगाल जुआ अधिनियम एवं 47 ए उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज किया गया।

### खूंटी नगर भवन में 26 को धूमधाम से मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**खूंटी:** इस्कॉन अनुमोदित खूंटी नामहट के तत्वावधान में 26 अगस्त को नगर भवन खूंटी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जाएगी। साथ ही 27 अगस्त को इस्कॉन संस्था के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद की जयंती एवं नंद उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य कथावाचक मधुकंठ दास (एम।फिल बायोकेमेस्ट्री) इस्कॉन सेलम (तमिलनाडु) होंगे। उपायुक्त लोकेश मिश्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इससे पूर्व 25 अगस्त को इस्कॉन केंद्र पिपरा टोली से शहर में जागरूकता के लिए नगर संकीर्तन यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी इस्कॉन नामहट केंद्र खूंटी के अध्यक्ष शुकामृत दास ने दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। 26 अगस्त को प्रातः 4.30 बजे मंगल आरती, 7.15 बजे दर्शन आरती, 7.30 बजे गुरु पूजा और 8।00 बजे भागवत कथा होगी। संध्या बेला में 6.30 बजे से हरि कीर्तन, 7.30 बजे नृत्य प्रस्तुति, 8.30 बजे जन्माष्टमी प्रवचन, 9.30 बजे प्रोजेक्टर चलचित्र, 10.30 बजे नृत्य कीर्तन, 11 बजे 56 भोग अर्पण, मध्य रात्रि 12 बजे महाआरती और 12.15 बजे महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खूंटी शहरी क्षेत्र के घर-घर अभियान चलाया जा रहा है और आमंत्रण बांटा जा रहा है।

### 110 कावंरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना, लोगों ने दी शुभकामनाएं



**खूंटी:** जिला कावंरिया संघ के बैनर तले खूंटी के 110 कांवरियों का जत्था रविवार को देवघर के लिए रवाना हुआ। जयप्रकाश भाला और पूर्व वार्ड पार्षद अनूप साहू के नेतृत्व में बाबाधाम रवाना हुए कांवरियों के जत्थे को नेताजी चौक स्थित देवी मंडप के पास स्थानीय युवाओं ने मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। इससे पूर्व महादेव मंडा परिसर में भी कांवरियों का स्वागत किया गया और वहां से बाजे-गाजे के साथ सभी कांवरिया जुलूस के रूप में नेताजी चौक स्थित देवी मंडप पहुंचे। कांवरियों के इस दल में कई महिलाएं भी शामिल हैं। कांवरियों के जत्थे का नेतृत्व कर रहे जयप्रकाश भाला ने कहा कि दो बसों और एक छोटे वाहन में खूंटी के 110 कांवरिया सर्वप्रथम सुल्तानगंज जायेंगे और वहां से उत्तरवहिनी गंगा का पवित्र जल लेकर पैदल देवघर पहुंचेंगे। वहां पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के बाद सभी कांवरिया वासुकीनाथ जायेंगे। बाद में कांवरियों का जत्था बंगाल की तारापीठ होते हुए वापस खूंटी लौटेगा।

### डिवाइडर के बाद ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार, युवक की मौत, तीन गंभीर



**कोडरमा:** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरवा मोड़ के समीप रविवार शाम को एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार डिवाइडर से टकराकर सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जाकर टकरा गई। इस दुर्घटना में कार सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान मुकुल कुमार (25) एवं घायलों की पहचान चंदन कुमार और राहुल कुमार बिहार निवासी के रूप में हुई है। वहीं एक अन्य घायल की शिनाख्त नहीं हो पाई है। दुर्घटना के बाद पुलिस के द्वारा घायलों को सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।। जबकि परिजन घायलों को इलाज के लिए पटना लेकर चले गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार युवकों के कार की स्पीड दुर्घटना से पहले करीब सौ किलोमीटर प्रति घंटे की थी।

## बांग्लादेशी घुसपैठ को मौन सहमति दे रही सरकार: मनीष जायसवाल

मेट्रो रेस

**रामगढ़:** झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ को हेमंत सोरेन की सरकार ने मौन सहमति दे दी है। यही वजह है कि झारखंड में आदिवासियों और मूल निवासियों को पूरा न्याय नहीं मिल पा रहा है। यह बात रविवार को रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के भवन में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही।



जायसवाल ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट पूर्ण रूपेण संतुलित है। इस बजट में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 5 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है, जिसमें 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पैकेज की घोषणा की गई है, जिसमें 5 वर्ष की अवधि में 4 करोड़ युवाओं को लाभ मिलेगा। शिक्षा रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1।48 लाख करोड रुपये का प्रावधान रखा गया है। किसानों की खेती बाड़ी के लिए 32 कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्च पैदावार वाली जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जाएगी। ईपीएफओ में पंजीकृत कर्मचारियों को प्रतिमाह अधिकतम 15000 वेतन होगा, जिससे 210000 युवाओं को परोक्ष रूप से लाभ मिलेगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के लिए जैविक खेती करवाने की व्यवस्था पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि कीटनाशक दवाइयां एवं आधुनिक फर्टिलाइजर के उपयोग करने का दुष्परिणाम है। सिर्फ पंजाब में सात फीसदी स्वस्थ लोग कैंसर से पीड़ित पाए गए। उच्चतर शिक्षा के लिए बजट में युवा तथा युवतियों को 10 लाख तक का ऋण मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश को शामिल करते हुए पूर्वी क्षेत्र के चौहुमुखी विकास के लिए पूर्वोदय नामक योजना तैयार की है।

सांसद ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत अब तक चार करोड़ आवास बनाया जा चुका है' आवास विहीन लोगों को तीन करोड़ आवास मुहैया कराने की योजना है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत उन्होंने कहा कि ग्राम अभियान के तहत लगभग 63000 गांवों में निवास करने वाले पांच करोड़ जनजातीय वर्ग के लोगों को डायरेक्ट लाभ मिलेगा। सांसद ने यह भी कहा कि युवाओ को शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप योजना के तहत 5000 प्रति माह इंटर्नशिप भत्ता और 6000 की एक मुश्त सहायता दी जाएगी। बजट में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक करोड़ घरों को प्रतिवर्ष मुफ्त बिजली प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की योजना को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पीएम मुद्रा योजना के तहत दी जाने वाली राशि 10 लाख से बढाकर 20 लाख कर दी गई है।

पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, रंजित सिन्हा, राजू चतुवेर्दी जिला महामंत्री खिरोधर साहू, रंजन फौजी, राजीव पामदत्त, विजय जायसवाल, सूर्यवंश श्रीवास्तव, सरदार अनमोल सिंह, बसूध तिवारी, राजू कुशवाहा, धनंजय कुमार पुटूस, संतोष कुमार शर्मा, धीरज साहू, मनोज गिरि सहित कई लोग शामिल थे।

## निर्धारित समय पर योजनाओं को पूरा कराएं अधिकारी: मथुरा महतो



**खूंटी:** झारखंड विधानसभा की विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) के सभापति मथुरा प्रसाद महतो एक दिवसीय दौरे पर रविवार को खूंटी पहुंचे। उनकी अध्यक्षता में परिसदन भवन के सभागार में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। महतो ने विभागों द्वारा संचालित कार्यों एवं योजनाओं के अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय पदाधिकारियों से जानकारी ली और निर्देश दिये।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से हर घर नल योजना के तहत हाउस होल्ड कनेक्शन एवं अन्य संचालित कार्यों की जानकारी ली गई। सभापति ने विभाग के निदेर्शानुसार निर्धारित समय पर कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। पाइपलाइन बिछाने के क्रम में जुडको द्वारा जगह-जगह पर सड़कों को क्षतिग्रस्त किए जाने को लेकर जानकारी ली गई। सभापति ने जुडको के प्रतिनिधि को पाइपलाइन बिछाने के पश्चात सभी सड़कों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए आमजनों को समस्या न हो। इसलिए पाइपलाइन बिछाने के पश्चात यथा शीघ्र सड़कों की मरम्मत जरूरी है। हर पंचायत 10 चापाकल लगाने संबंधी योजना की भी जानकारी ली गई।

कार्यपालक अभियंता ने बताया कि योजना के तहत 60 फीसदी कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं। बारिश के मौसम को देखते हुए वर्तमान में योजना को कुछ समय के लिए बंद रखने का निर्देश विभाग से प्राप्त हुआ है। बारिश के मौसम के पश्चात शेष बचे 40 फीसदी कार्यों को भी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए अब तक हुए रोपनी कार्य के संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी से जानकारी ली गई। सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए बीज संबंधी जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत कृषकों के बीच बीज वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया। उद्यान विभाग से सब्जी के बीज की उपलब्धता की जानकारी ली गई। सभापति ने कहा कि खूंटी जिले में इन दिनों ड्रैगन फ्रूट एवं स्ट्रॉबेरी की खेती भी बड़ी मात्रा में हो रही है। इसलिए कृषकों को अच्छे मुनाफे वाली सब्जी, फल एवं फूल की खेती के लिए प्रेरित करें। धान के अलावा किसान और किस-किस खेती में अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं, इस पर विशेष जोर दे। भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा करते हुए तालाब जीर्णोद्धार के संबंध में जानकारी ली गई। जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 37 तालाबों के जीणोद्धार का कार्य किया जाना है, जिसे लेकर महतो ने विभागीय निदेर्शानुसार कार्यों को संपन्न कराने कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आइटीडीए सहित सभी विभागों के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इसरो भ्रमण में जानेवाली 26 उत्कृष्ट छात्राओं को किया सम्मानित

**गुमला:** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नवाचारी पहल पर पिछले दिनों सपनों की उड़ान नामक साइंस ओलंपियाड का आयोजन कराते हुए उत्कृष्ट चयनित 26 छात्राओं कोशैक्षणिक भ्रमण हेतु इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा भेजा गया था । जिले के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सभी झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय तथा कल्याण विभाग अंतर्गत सभी बालिका आवासीय विद्यालयों की इन 26 सुपर गर्ल्स के सम्मान में उपायुक्त गुमला के आवास में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने शैक्षणिक भ्रमण के अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने इस शैक्षणिक भ्रमण सेअंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया के बारे में काफी कुछ जाना तथा वे सभी मैट्रिक पास



करने के बाद इंटर में विज्ञान की पढ़ाई करेंगी और विज्ञान के क्षेत्र में अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास करेंगी ।

कार्यक्रम में चैनपुर के अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, गुमला के अंचल अधिकारी हरीश कुमार , शिक्षा विभाग के बीपीओ दिलदार सिंह, डिस्ट्रिक फेलो रमेश कुमार , शिक्षिका शशि नीलम तिर्की, नीलम खाखातथा रोहिणी कुमारी प्रसाद ने भी यात्रा से संबंधित अपने झ्रअपने अनुभव साझा किए। उपायुक्त ने सभी 26 सुपर गर्ल्स तथा उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । उल्लेखनीय है कि इसरो के इस शैक्षणिक भ्रमण योजना की मुख्यमंत्री द्वारा भी प्रशंसा की गई थी । जिले के सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल क्षेत्रों की छात्राएं शामिल हैं जिसमें आदिम जनजाति एवं अनुसूचित जाति की बच्चियां भी हैं । अनेक बच्चियां ऐसी हैं जो अबतक कभी जिले से बाहर भी नहीं गई थी । सम्मान समारोह में मंच संचालन डीएमएफटी फेलो अविनाश गौरव ने किया ।

## सभी समुदायों के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं प्रधानमंत्री: नीलकंठ सिंह मुंडा

मेट्रो रेस

**खूंटी:** देश के इतिहास में दूसरी बार ऐसा हुआ किसी प्रधानमंत्री ने लगातार तीसरी बार सत्ता संभाली हो। इसके पहले जवाहर लाल नेहरू लगातार तीन बार प्रधानमंत्री चुने गये थे। देश की जनता के आशीर्वाद और भाजपा के समर्पित कार्यकताओं-समर्थकों के नरेंद्र मोदी ने यह कारनामा किया है। प्रधानमंत्री मोदी भी देश के हर समुदाय, समाज, किसान, महिला, दलित पिछड़े सभी के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत इस वर्ष के बजट में यह साफ झलकता है। ये बातें खूंटी के विधायक और भाजपा के वरिष्ठ प्रदेंश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने रविवार को भाजपा के जिला कार्याल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही।




इनमें कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाए, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा और संरचना नवाचार अनुसंधान और विकास तथा अगली पीढ़ी का सुधार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्ता चार समूह गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अन्नदाता के लिए सरकार ने एक महीना पहले सभी मुख्य फसलों के लिए उच्चतर न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करके लागत पर काम से कम 50: मार्जिन देने का वादा को पूरा किया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है, जिससे 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा।

विधायक ने कहा कि इस बजट में विशेष रूप से रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित किया गया है। रोजगार कौशल प्रशिक्षण व अन्य अवसरों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री की पांच योजनाओं और पहले के पैकेज की घोषणा की गई जिससे पांच वर्ष की अवधि में 44।1 करोड़ युवाओं को लाभ होगा। इसके लिए केंद्रीय परिव्यय दो लाख करोड रुपए का है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1।48 लाख करोड रुपए का प्रावधान किया गया है।

राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि हमारी सरकार उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु के अनुकूल किस्म की फसलों के विकास पर जोर देने के लिए कृषि अनुसंधान व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करेगी। किसानों की खेती- बाड़ी के लिए 32 कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्चतर पैदावार वाली हर जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जाएंगी। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में पूरे देश में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक कृषि के लिए सहायता दी जाएगी, जिसमें प्रमाण पत्र और ब्रांडिंग व्यवस्था भी शामिल है। दस हजार आवश्यकता आधारित जैव आदान संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरसों, मूंगफली, तिल सोयाबीन और सूरजमुखी जैसी तिलहन फसलों के लिए आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर जोर दिया गया है। साथ ही सब्जी उत्पादन क्लस्टर को भी विकसित किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेख गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय साहू और कैलाश राम, जिला महामंत्री विनोद और नाग, नगर अध्यक्ष सुरेश जयसवाल भी मौजूद थे।

न्यूज ब्रीफ



## एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने किया पौधरोपण

**रांची:** पौधरोपण और चल रहे मानसून के लाभों को ध्यान में रखते हुए, एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने नीम, पीपल और बरगद के पेड़ जैसे पेड़ लगाए, जो त्रिवेणी वृक्ष के रूप में लोकप्रिय हैं। इस अभियान का रेखा जैन, अध्यक्ष, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने मार्गदर्शन किया। डुंगरी गांव, रांची में त्रिवेणी पौधों का रोपण किया गया। इस कार्य में ग्राम पंचायत प्रधान और आशा होम, रांची के सदस्यों ने मदद की। इस अवसर पर, ग्राम प्रधान ने सभी महिला क्लब सदस्यों को धन्यवाद दिया। एक अन्य पहल के तहत स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब और आशा होम के सहयोग से एनटीपीसी सीएसआर के तहत सफल कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रशिक्षुओं को सिलाई और सिलाई कक्षाओं के दूसरे बैच में समापन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर अध्यक्ष रेखा जैन ने प्रमाण पत्र वितरण की पहल की और प्रशिक्षुओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष स्निग्धा माझी और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## पेड़-पौधों से मित्रता पर्यावरण संरक्षण का आधार : सकलदीप भगत




**खूंटी:** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को मित्रता दिवस (फ्रेंडशिप डे) के अवसर पर पर्यावरण संवर्द्धन और संरक्षण के लिए पौधरोपण के साथ पौधा वितरण किया गया। मौके पर फलदार एवं छायादार वृक्षों के पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि परिवार, समाज और पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है। इसलिए पेड़ पौधों को सच्चा मित्र बनाएं। पेड़ पौधों से मित्रता पर्यावरण संरक्षण का आधार है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए जागरूक किया गया। कहा गया कि पेड़ पौधे भी हमारे सच्चे मित्र होते हैं। इसलिए इस दिन पौधे को मित्र बनाएं और जीवन में हरियाली लाएं। संस्थान की छात्रा साक्षी, सौम्या, मुस्कान एवं खुशी ने भाषण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन आरजू एवं प्रियंका ने किया। इस मौके पर सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## माहेश्वरी महिला समिति का सामूहिक महारुद्राभिषेक संपन्न,5



**रांची:** माहेश्वरी महिला समिति द्वारा सामूहिक महारुद्राभिषेक का आयोजन स्थानीय हरमू श्याम मंदिर प्रांगण में रांची के आचार्य श्री अनूप जी दधीचि के सानिध्य में किया गया। 21 जोड़ों के साथ पूजा प्रारम्भ किया गया। अभिषेक की पूर्ण तैयारी शनिवार शाम को सदस्य ने मिलकर की। सभी यजमान ने परिवार के साथ श्रद्धा भक्ति से *गंगा माटी से बने पार्थिव शिवलिंग* की पूर्ण पूजा की। शिव मंत्र, भजन एवं शिव श्रृंगार के साथ महाभिषेक संपन्न हुआ। आचार्य जी द्वारा शिव मंत्र, भजनो की गूंज से सारा परिसर भक्तिमय हो गया एवं शिव श्रृंगार के साथ महाभिषेक संपन्न हुआ। आये हुए सभी सदस्यों के प्रसाद की तैयारी मंदिर परिसर में ही की गयी। सभा के पूर्व अध्यक्ष जुगल मारू सपरिवार मुख्य यजमान के तौर पर अभिषेक में बैठे । महिला समिति अध्यक्ष भारती चितलांगिया, निवर्तमान अध्यक्ष विजयश्री साबू, कोषाध्यक्ष सरला चितलांगिया, उपाध्यक्ष वंदना मारू, अनीता साबू, , सह सचिव कविता मंत्री, के साथ पूनम राठी, शारदा लड्डा,मंजू मंत्री, सरोज राठी, ममता डागा, लक्ष्मी चितलांगिया, सीमा मालपानी, शिखा बिरला ,नेहा साबू ,रश्मि मालपानी, सुस्मिता सोमानी, विनीता बिहानी, रंजू मालपानी एवं समाज के सभी सदस्य, भवन में रहने वाले मनोज भैया की टीम का साथ रहा।

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का आमरण अनशन व धरना प्रदर्शन कल से

**रांची:** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के बैनर तले सरकार के आलोचना ,अनदेखी,नकारात्मक रवैए आए दिन शिक्षको का शोषण, प्रताड़ना से शिक्षक तंग आकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदेश के प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शिक्षक आज मुख्यमंत्री के समक्ष आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन किया। मांगो के समर्थन में सभी प्राथमिक शिक्षक संघ, झारखंड प्लस 2 शिक्षक संघ,झारखंड प्रदेश संयुक्त मोर्चा, संघर्ष मोर्चा शामिल है। संघ अध्यक्ष अनूप केसरी महासचिव राममूर्ति ठाकुर व मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने संयुक्त रूप से अनशनकारी सह धरना प्रदर्शन कर रहे शिक्षको से रूबरू होते कहा कि आंदोलन में आर पार की लड़ाई लड़ने को शिक्षक तैयार है।

### जेएसएससी ने हाईकोर्ट को बताया

# वेबसाइट पर जारी किया जाएगा शिक्षक नियुक्ति परीक्षा का मेरिट लिस्ट और कट ऑफ मार्क्स



मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) वर्ष 2016 में हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन का राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करेगा। झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को यह जानकारी जेएसएससी की ओर से दी है।

झारखंड हाई कोर्ट में जेएसएससीकी ओर से यह बताया गया कि राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट अपनी वेबसाइट पर 10 दिन में अपलोड कर देगा। साथ ही कमीशन कट ऑफ मार्क्स भी वेबसाइट पर जारी करेगा। हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और प्रिंस कुमार ने बहस की। कोर्ट ने जेएसएससी को निर्देश दिया है कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करे। अब हाई कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई पांच सितंबर को होगी।

उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व में जेएसएससी को वर्ष 2016 के हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट जारी करने का निर्देश दिया था। मामले में मीना कुमारी समेत सात अभ्यर्थियों ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

## आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने अग्रिम जमानत अर्जी वापस लेने के लिए दायर की याचिका



**रांची:** लैंड स्कैम केस के आरोपित और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने सोमवार को अपनी अग्रिम जमानत याचिका वापस लेने के लिए याचिका दायर की है। विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल कर अपनी अग्रिम जमानत अर्जी वापस मांगी है। ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) दायर की है, जिसमें विनोद सिंह को भी अभियुक्त बनाया गया है। ईडी की प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) पर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है। इस केस के प्रमुख आरोपित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर हैं और बड़गाईं अंचल का हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद है।

## आर्मी पब्लिक स्कूल में पदाधिकार स्थापना संपन्न



**रांची:** आर्मी पब्लिक स्कूल, रांची में आज पदाधिकार स्थापना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के नवनियुक्त ऑफिस बेयरर्स ने शपथ ग्रहण किया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल अभय कुमार सिंह ने की। प्राचार्य महोदय तथा एडमिनिस्ट्रेशन निशा राय ने सभी बच्चों को बैज लगाया। इस अवसर पर चारों सदनों के शिक्षक इंचार्ज मौजूद थे।

समारोह के दौरान, प्रिंसिपल ने नए ऑफिस बेयरर्स को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में बताया जो चार सदनों के थे गांधी सदन, मदर टेरेसा सदन, टैगोर सदन ,तथा सरोजिनी नायडू सदन और उन्हें अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, आप सभी पर स्कूल के अनुशासन और प्रतिष्ठा को बनाए रखने की जिम्मेदारी है। हमें विश्वास है कि आप सभी अपनी जिम्मेदारियों को भली-भांति निभाएंगे और स्कूल का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। सभी उपस्थितगण ने नए ऑफिस बेयरर्स को उनकी नई भूमिकाओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

## विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियों को लेकर केंद्रीय सरना संघर्ष समिति की बैठक



**रांची:** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के उप कार्यालय हेसल समुदाय भवन पिस्का मोड़ रांची में विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप की अध्यक्षता में बैठक हुई ।

केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि इस बार विश्व आदिवासी दिवस सरहुल जुलूस के तर्ज पर होगी सभी परंपरिक वेषभूषा एवं परंपरिक तीर धनुष रंपा चंपा काट का घोड़ा हाथी के साथ आदिवासी दिवस मनाया जाएगा । स्थानीय नियोजन निती और सरना धर्म कोड लागू करे केंद्र सरकार का ताकती आवश्य लेकर आये ।

रैली में हेसल, पंडरा, बजरा, हेहल, कमड़े, सुन्डील , बनहोरा, मधुकम ,चटकपुर इत्यादि गांवो के लोग हजारो की संख्या में एकजुट होकर पिस्का मोड़ से अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचेंगे और माल्यार्पण करेगे, इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है ।

सभी समाजिक अगुवागण 12 बजे हेसल जतरा टांड़ पिस्का मोड़ रांची में समय पर पहुंचे ।

इस बैठक में मुख्य रूप से सती तिर्की, अनिता उरांव, संगीता गाड़ी, गुड्डू उरांव , कुलदीप उरांव, शोभा तिर्की, नुरी तिर्की, पार्वती उरांव, सुनिता उरांव, नीलम उरांव, रिता खलखो, पिंकी कुजूर, महादेव उरांव व अन्य उपस्थित थे।



## इतिहास के पन्नो में दर्ज हुआ डीजीपी अनुराग गुप्ता का नाम

**रांची:** यह देश में पहला मामला है जब किसी राज्य के डीजीपी पीड़ित के घर पहुंच कर उन्हें आश्वासन देते हैं कि बहुत जल्द अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा । पुलिस टीम द्वारा अपराधी को धर दबोचा भी गया। एडवोकेट गोपाल कृष्ण मर्डर केस में रांची पुलिस को मिली कामयाबीः पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम जब अपराधियों को पकड़ने के लिए अनगड़ा पहुंची तो अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। रोशन मुंडा के पैर पर गोली लगी। उसे इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया। वहीं, अपराधियों की गिरफ्तारी में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय की भूमिका बहुत ही अहम रही। बता दें कि रांची सिविल कोर्ट के एडवोटकेट गोपाल कृष्ण का शुक्रवार की सुबह चाकू मारकर मर्डर कर दिया गया था। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए द्वारा इस मामले का उद्भेदन के बाद यह साफ हो गया कि, रांची पुलिस अपराधियों को यह साफ संदेश दिया है कि, वह अगर डाल डाल है तो रांची जिला पुलिस पात पात, वहीं झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता, आईजी अखिलेश झा, डीआईजी अनूप बिरथरे एवं एसपी चंदन कुमार सिन्हा अधिवक्ता के आवास पर गए थे और उनके परिजनों को कहां था कि अपराधी यथा शीघ्र पकड़े जाएंगे और इस मामला का उद्भेदन होगा और पुलिस ने मामला का उद्भेदन करने के साथ साथ हत्या के मुख्य आरोपी को भी धर दबोचा, हत्याकांड का उद्भेदन और आरोपी को गिरफ्तार करने में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय की अहम भूमिका रही।

# राज्य की दिशा और दशा बदलने में जिम्मेदारी निभाएं आजसू के युवा कार्यकर्ता: सुदेश महतो

मेट्रो रेज

**रांची:** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि आने वाले 50 दिन हम सबके लिए महत्वपूर्ण होंगे। राज्य की दिशा और दशा बदलने के लिए युवा साथी को आगे आ कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और नई सोच और नवीन ऊर्जा के साथ जनता के बीच जाएं। सुदेश कुमार महतो हरमू, रांची स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में युवा आजसू के प्रतिनिधि सभा को संबोधित कर रहे थे।



महतो ने कहा कि एक राजनीतिक कार्यकर्ता के नाते सार्वजनिक जीवन के महत्व को पहले समझना जरूरी है। आप सभी युवा कार्यकर्ता बड़े किरदार की भूमिका निभा सकते हैं। अब आप सभी को निजी हित न सोचकर राज्य और राज्यवासियों के लिये काम करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पांच साल में सबसे ज्यादा युवाओं को निराश किया है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता से ले कर पांच लाख युवाओं को नौकरी देने के नाम पर सिर्फ युवाओं को ठगने का काम किया है। अभी जो राज्य सरकार डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम ला रही है उस से सिर्फ आप जीवन यापन कर सकते है न कि आत्मनिर्भर बन सकते है। ये आप लोगों को सोचना है।

महतो ने कहा कि आप सभी अपनी योग्यता के आधार पर स्टेट को संभालने के लिए योगदान देने की तैयारी करें, ताकि आने वाला कल आप सबके लिए परिवर्तन भरा हो। इसके साथ उन्होंने कहा कि आप सभी युवा साथी 50 दिनों की मेहनत से इस राज्य की दिशा को बदल सकते हैं। राज्य में युवाओं के लिए सरकार ने जीरो प्लान पर काम किया। इसी जीरो प्लान का हिसाब लेना है और जवाब भी देना है आप सभी को। महतो ने कहा कि राजनीति के चरित्र को बदलना है। शहर से गांव को कनेक्ट करना है। पार्टी में सभी कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना भी जरूरी है। मन में यह वहम कोई नहीं रखें कि वे पार्टी के पदाधिकारी हैं और अगला कार्यकर्ता। जब सभी मिलकर पार्टी की नीतियों और सिद्धांत पर काम करेंगे तो उसके नतीजे ज्यादा प्रभावी होंगे। समाधान पर काम करना है ही हमारी लीडरशिप है।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## अनावश्यक फैसला

**भारतीय** राजनीति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) किसी न किसी कारण से हमेशा चर्चा और विवादों के केंद्र में रहा है। अभी पिछले दिनों केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर लगे करीब छह दशक पुराने प्रतिबंध को हटाने का फैसला लिया है जिसे बुद्धिमत्तापूर्ण नहीं कहा जा सकता। जाहिर है कि राजनीतिक क्षेत्रों में इस फैसले की कड़ी आलोचना हो रही है। आरोप लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर्मचारियों को वैचारिक आधार पर विभाजित करना चाहते हैं। वस्तुतः आरएसएस की चाहे जितनी आलोचना या निंदा की जाए लेकिन राष्ट्र के उत्थान में इस संगठन की सार्थक भूमिका को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। ब्रिटिश सरकार में भी 1932 में सरकारी कर्मचारियों की आरएसएस की गतिविधियों में भाग लेने पर प्रतिबंध लगाया था लेकिन इस प्रतिबंध के कारण आरएसएस के विस्तार में रुकावट नहीं आई। यह संगठन अपने ध्येय को लेकर आगे बढ़स्त्ता गया। आरएसएस अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है और अब यह संगठन समाज की मुख्यधारा में है। आरएसएस पर महात्मा गांधी की हत्या,आपातकाल और बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद प्रतिबंध लगाया गया। लेकिन क्या यह हैरानी की बात नहीं है कि इतने प्रतिबंधों के बावजूद इस संगठन से जुड़े. हुए लोग आज देश के शीर्ष पदों पर आसीन हैं। कुछ लोग संघ और सरकार के बीच संबंधों की तुलना चर्च और राज्य के रिश्ते से करते हैं। उनका विश्वास है कि धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक देश में चर्च और राज्य के बीच विभाजन रेखा का सम्मान किया जाता है लेकिन आरएसएस दावा करता है कि वह सामाजिकझ्रसांस्कृतिक संगठन है और राजनीति एवं धर्म से इसका दूर-दूर तक रिश्ता नहीं है। आरएसएस पर ब्रिटिश सरकार से लेकर आज तक हमले होते रहे हैं लेकिन अपनी स्थापना के सौ वर्षों में यह संगठन बरगद का रूप ले चुका है। पूर्वोत्तर भारत यदि देश की मुख्यधारा में शामिल हुआ है तो इसका श्रेय आरएसएस को ही दिया जाना चाहिए। सरकारी कर्मचारियों के लिए आरएसएस का द्वार खोलने का केंद्र सरकार का फैसला एक नये विवाद को जन्म देने वाला है। संघ को इसकी कोई आवश्यकता नहीं थी।

## विपक्ष की थाली खाली नहीं

**विपक्ष** ने बजट को दुराग्रही, भेदभावी और सत्यानाशी तक करार दिया है। अंतिम शब्द घोर असंसदीय है। विपक्ष की सोच बेहद नकारात्मक लगती है। विपक्ष के समवेत आरोप हैं कि गैर-भाजपा शासित राज्यों को ठन-ठन गोपाल रखा गया है। उन्हें कुछ भी नहीं मिला। उनके हिस्से की राशि भी केंद्र सरकार जारी नहीं कर रही। ये भाजपा के राजनीतिक पूर्वाग्रह हैं, लिहाजा बजट संविधान-विरोधी, संघीय ढांचे के खिलाफ, राजनीतिक खुन्नस का बजट है। यह अन्यायपूर्ण है, किसान-गरीब विरोधी है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि आंध्रप्रदेश और बिहार की थालियों में पकौड़े-जलेबी परोसे गए हैं, शेष थालियां खाली हैं। करीब 90 फीसदी राज्यों को कुछ नहीं दिया गया। खडगे जैसे वरिष्ठ और बुजुर्ग सांसद की यह टिप्पणी ही पूर्वाग्रही है, अतिरंजनापूर्ण है। उनसे सवाल है कि क्या इस तरह देश का आम बजट बनाया जा सकता है? यह संपूर्ण और राष्ट्रीय बजट राज्यों का निजी बजट नहीं है, बल्कि देश के संसाधनों और मंत्रालयों का हिसाब-किताब है। क्या यह भाजपा-एनडीए का घरेलू बजट है, जिसकी बंदरबांट कर ली गई? जहां तक बजट-भाषण में राज्यों के नाम का सवाल है, तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उप्र, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों का बजट-भाषण में उल्लेख तक नहीं किया। सरकार ने पूर्वोदय योजना की घोषणा की है, जिसमें बिहार, बंगाल, ओडिशा, झारखंड, आंध्रप्रदेश आदि राज्यों को रखा गया है। बहरहाल जिन राज्यों का जिक्र हमने किया है, उनमें से अधिकतर भाजपा-एनडीए शासित हैं। वित्त मंत्री तो क्या, प्रधानमंत्री भी अपने ही पक्ष की थाली को खाली नहीं रख सकते। ऐसा नहीं किया जा सकता, यह विपक्ष भी जानता है, लिहाजा बजट के मुद्दे पर संसद परिसर में ही विपक्षी गठबंधन इंडिया के सांसदों का विरोध-प्रदर्शन, पोस्टरबाजी और नारेबाजी तथा दोनों सदनों से बहिर्गमन करना बेमानी है। आरोपों के पलटवार में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन योजनाओं का खुलासा किया है, जिनके लिए बजट में आवंटन किया गया है। वित्त मंत्री ने 76,000 करोड़ रुपए की बंदरगाह का उल्लेख किया है, जिसे केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। उसका उल्लेख बजट में करना अनिवार्य है, क्योंकि बंदरगाह के लिए राशि जारी होनी है। उप्र के संदर्भ में बुंदेलखंड के 7 जिलों में प्राकृतिक खेती, कुल 12 औद्योगिक पार्कों में से 2 पार्क उप्र में, 1000 से अधिक आईटीआई में से 100 से अधिकतर ऐसे संस्थानों को उप्र में ही अपग्रेड किया जाना है, इंटर्नशिप योजना में 2 लाख से अधिक युवा उप्र के, मुफ्त अनाज योजना में सर्वाधिक लाभार्थी उप्र के, प्रधानमंत्री पक्का घर योजना के नए चरण में सबसे अधिक मकान उप्र में बनेंगे, 20000 करोड़ का कर्ज ब्याज के बिना 50 साल की अवधि के लिए और 2.23 लाख करोड़ रुपए की हिस्सेदारी केंद्रीय टैक्स में आदि ऐसे विषय हैं, जिनका उल्लेख बजट में है। कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु पर भी विपक्ष के दावे ठीक नहीं हैं।

# खुशियों के बीज, बोने आती है हरियाली तीज

धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने 100 वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूडियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेहंदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है।

**प्रियंका सौरभ**

**श्रावण** महिलाओं के लिए विशेष उल्लास का महीना होता है। इस महीने में आने वाले अधिकांश लोक पर्व महिलाओं द्वारा ही मनाए जाते हैं। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को श्रावणी तीज कहते हैं। इसे हरितालिका तीज भी कहते हैं। जनमानस में यह हरियाली तीज के नाम से जानी जाती है। श्रावण के महीने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महीना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार।

हरियाली तीज मुख्यतः स्त्रियों का त्योहार है। इस समय जब प्रकृति चारों तरफ हरियाली की चादर सी बिछा देती है तो प्रकृति की इस छटा को देखकर मन पुलकित होकर नाच उठता है। जगह-जगह झूले पड़ते हैं। स्त्रियों के समूह गीत गा-गाकर झूला झूलते हैं। स्त्रियां अपने हाथों पर त्योहार विशेष को ध्यान में रखते हुए भिन्न-भिन्न प्रकार की मेहंदी रचाती हैं। मेहंदी रचे हाथों से जब वह झूले की रस्सी पकड़ कर झूला झूलती हैं तो यह दृश्य बड़ा ही मनोहारी लगता है, मानो सुहागिन आकाश को छूने चली हैं। इस दिन सुहागिन स्त्रियां सुहागी पकड़कर सास के पांव छूकर उन्हें देती हैं। यदि सास न हो तो स्वयं से बड़ों को अर्थात जेठानी या किसी वृद्धा को देती हैं। इस दिन कहीं-कहीं स्त्रियां पैरों में आलता भी लगाती हैं जो सुहाग का चिह्न माना जाता है। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेले लगते हैं और माता पार्वती की सवारी बड़े धूमधाम से निकाली जाती है। वास्तव में देखा जाए तो हरियाली तीज कोई धार्मिक त्योहार नहीं वरन महिलाओं के लिए एकत्र होने का एक उत्सव है। नवविवाहित लड़कियों के लिए विवाह के पश्चात पड़ने वाले पहले सावन के त्योहार का विशेष महत्व होता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने 100 वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूडियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेहंदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं। सावन की तीज में महिलाएं व्रत रखती हैं। इस व्रत को अविवाहित कन्याएं योग्य वर को पाने के लिए करती हैं तथा विवाहित महिलाएं अपने सुखी दांपत्य की चाहत के लिए करती हैं। तीज का आगमन भीषण ग्रीष्म ऋतु के बाद पुनर्जीवन व पुनर्शक्ति के रूप में होता है। यदि इस दिन वर्षा हो तो यह और भी स्मरणीय हो उठती है। लोग तीज जुलूस में ठंडी बौछार की कामना करते हैं। ग्रीष्म ऋतु के समाप्त होने पर काले कजरारे मेघों को आकाश में घुमड़ता देखकर पावस के प्रारम्भ में पपीहे की पुकार और वर्षा की फुहार से आभ्यंतर आनन्दित हो उठता है। ऐसे में भारतीय लोक जीवन कजली या हरियाली तीज का पर्वोत्सव मनाता है। आसमान में घुमड़ती काली घटाओं के कारण ही इस त्योहार या पर्व को कजली या कजली तीज तथा पूरी प्रकृति में हरियाली के कारण तीज के नाम से जाना जाता है। इस त्योहार पर लड़कियों को ससुराल से पीहर बुला लिया जाता है। विवाह के पश्चात पहला सावन आने पर लड़की को ससुराल में नहीं छोड़ा जाता है। नवविवाहिता लड़की की ससुराल से इस त्योहार पर सिंजारा भेजा जाता है। हरियाली तीज से एक दिन पहले सिंजारा मनाया जाता है। इस दिन नवविवाहिता लड़की की ससुराल से वस्त्र, आभूषण, श्रृंगार का सामान, मेहंदी और मिठाई भेजी जाती है। इस दिन मेहंदी लगाने का विशेष महत्व है।

स्त्रियां आकर्षक परिधानों से सुसज्जित हो भगवती पार्वती की उपासना करती हैं। राजस्थान में जिन कन्याओं की सगाई हो गई होती है, उन्हें अपने भविष्य के सास-ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में शिंझार (श्रृंगार) कहते हैं। शिंझार में अनेक वस्तुएं होती हैं, जैसे मेहंदी, लाख की चूड़ियां, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा, जिसे बांधकर रंगा जाता है तथा एक मिष्ठान जिसे घेवर कहते हैं। इसमें अनेक भेंट वस्तुएं होती हैं, जिसमें वस्त्र व मिष्ठान होते हैं। इसे मां अपनी विवाहित पुत्री को भेजती है। पूजा के बाद ह्यबयाह्न को सास को सुपुर्द कर दिया जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी यदि कन्या ससुराल में है तो मायके से तथा यदि मायके में है तो ससुराल से मिष्ठान, कपड़े आदि भेजने की परम्परा है। इसे स्थानीय भाषा में तीज की भेंट कहा जाता है। राजस्थान हो या पूर्वी उत्तर प्रदेश, प्रायः नवविवाहिता युवतियों को सावन में ससुराल से मायके बुला लेने की परम्परा है। सभी विवाहिताएं इस दिन विशेष रूप से श्रृंगार करती हैं। सायंकाल बन ठनकर सरोवर के किनारे उत्सव मनाती हैं और उद्यानों में झूला झूलते हुए कजली के गीत गाती हैं।

इस अवसर पर नवयुवतियां हाथों में मेहंदी रचाती हैं। तीज के गीत हाथों में मेहंदी लगाते हुए गाये जाते हैं। समूचा वातावरण श्रृंगार से अभिभूत हो उठता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता है, महिलाओं का हाथों पर विभिन्न प्रकार से बेल-बूटे बनाकर मेहंदी रचाना। पैरों में आलता लगाना, महिलाओं के सुहाग की निशानी है। हाथों व पांवों में भी विवाहिताएं मेहंदी रचाती हैं जिसे 'मेहंदी मांडना' कहते हैं। इस दिन बालाएं दूर देश गए अपने पति के तीज पर आने की कामना करती हैं जो कि उनके लोकगीतों में भी मुखरित होता है। तीज के दिन का विशेष कार्य होता है, खुले स्थान पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर झूला बांधना। झूला स्त्रियों के लिए बहुत ही मनभावन अनुभव है। मल्हार गाते हुए मेहंदी रचे हुए हाथों से रस्सी पकड़े झूलना एक अनूठा अनुभव ही तो है। सावन में तीज पर झूले न लगें, तो सावन क्या? तीज के कुछ दिन पूर्व से ही पेड़ों की डालियों पर, घर की छत की कड़ों या बरामदे में कड़ों में झूले पड़ जाते हैं और नारियां, सखी-सहेलियों के संग सज-संवरकर लोकगीत, कजरी आदि गाते हुए झूला झूलती हैं।

# गरीबों के सशक्तिकरण का अध्याय

देश में मानव पूंजी के निर्माण में कोरोना महामारी ने जोखिम बढ़ाई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि विगत 6 दिसंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि देश में कोई व्यक्ति भूखा नहीं सोए तथा केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान लोगों तक जिस तरह मुफ्त अनाज पहुंचाया है, वह व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। निश्चित रूप से पूर्व में भी कोविड-19 के बीच गरीबों को महंगाई और भूख की चुनौती से बचाने के लिए भारत में अपनाई गई मुफ्त अनाज वितरण की प्रभावी पहल को दुनियाभर में रेखांकित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित रिसर्च पेपर में कोविड की पहली लहर 2020-21 के प्रभावों को अध्ययन में शामिल करते हुए कहा गया है कि सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम से लॉकडाउन के प्रभावों तथा महंगाई की गरीबों पर मार कम हुई।

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

**देश** में गरीबी, कुपोषण और भूख की चिंताएं कम करने के लिए इस क्षेत्र की ओर कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीआरआर) व्यय का प्रवाह बढ़ाकर भी बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी तथा कुपोषण की पीड़ाओं से राहत दी जानी होगी। हम उम्मीद करें कि नए वर्ष 2023 में कोरोना के नए संक्रमण तथा वैश्विक मंदी की चुनौती के बीच केंद्र सरकार के द्वारा वर्ष 2023 में वर्ष भर राशन प्रणाली के तहत देश के गरीब व कमजोर वर्ग के 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज दिए जाने का निर्णय गरीबों के कल्याण और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे कमजोर वर्ग के करोड़ों लोगों को महंगाई और मंदी की चुनौती से बचाते हुए गरीबी के नए दलदल में फंसने से बचाया जा सकेगा। एक जनवरी से नए वर्ष 2023 में वर्षभर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाली देश की दो-तिहाई आबादी यानी करीब 81.35 करोड़ लोगों को राशन प्रणाली के तहत मुफ्त में अनाज देने की नई पहल दुनिया भर में रेखांकित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक सरकार ने 2023 में वर्षभर गरीबों की खाद्य सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए मुफ्त अनाज वितरण का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि देश में राशन प्रणाली के तहत प्रत्येक सामान्य उपभोक्ता को हर महीने पांच किलो की दर से अनाज वितरित किया जाता है, जबकि अंत्योदय वर्ग के उपभोक्ताओं को अनाज की यह मात्रा सात किलो प्रति व्यक्ति होती है। यानी प्रत्येक सामान्य परिवार को 25 किलो और अंत्योदय वर्ग के परिवार को 35 किलो अनाज दिया जाता है। अब तक जहां तीन रुपए प्रति किलो की दर से चावल, दो रुपए प्रति किलो की दर से गेहूं और एक रुपए प्रति किलो की दर से मोटा अनाज दिया जाता है। अब राशन कार्डधारक उपभोक्ताओं को सस्ती दर की राशन दुकानों पर कोई भुगतान नहीं करना होगा। ज्ञातव्य है कि सरकार ने पिछले करीब ढाई वर्ष से चली आ रही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत पांच किलो अतिरिक्त अनाज मुफ्त दिए जाने की योजना खत्म कर दी है। यद्यपि सरकार के इस निर्णय से केंद्र सरकार के खजाने पर दो लाख करोड़ रुपए का बोझ आएगा, लेकिन इस नई व्यवस्था से जहां गरीबों की खाद्य सुरक्षा निश्चित होगी, वहीं खाद्य सुरक्षा व गरीबी कल्याण योजना को एक किए जाने से सब्सिडी में बचत होगी। साथ ही खाद्यान्न भंडार में अतिरिक्त अनाज की मौजूदगी बाजार में खाद्यान्न की कीमतों को नियंत्रित करते हुए दिखाई दे सकेगी। उल्लेखनीय है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के साथ-साथ वैश्विक मंदी और अब चीन सहित दुनिया के कई देशों में कोहराम मचा रहे ओमिक्रान बीएफ.7 के कारण वैश्विक आपूर्ति में बाधाओं से गरीबों के कल्याण की चुनौती और बढ़ गई है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती गरीबी पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि कोरोना काल के कारण निर्मित भारत में गरीबी, बेरोजगारी तथा मानव विकास सूचकांक में गिरावट का असर अभी भी बना हुआ है। वर्ष 2022 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के द्वारा प्रकाशित मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में 189 देशों की सूची में भारत 132वें पायदान पर पाया गया है। पिछले वर्ष 2021 में प्रकाशित इस सूचकांक में भारत 131वें पायदान पर था। यद्यपि पिछले दशक में देश में जिस तेजी से गरीबी और भूख की चुनौती में कमी आ रही थी, उसे अकल्पनीय कोरोना संकट ने बुरी तरह प्रभावित किया है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र के द्वारा प्रकाशित दि स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन दि वर्ल्ड रिपोर्ट-2022 के अनुसार 2004 में भारत की 24 करोड़ आबादी कुपोषित थी, यह संख्या घटते हुए 2021 में 22.4 करोड़ पर पहुंच गई है। देश में मानव पूंजी के निर्माण में कोरोना महामारी ने जोखिम बढ़ाई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि विगत 6 दिसंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि देश में कोई व्यक्ति भूखा नहीं सोए तथा केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान लोगों तक जिस तरह मुफ्त अनाज पहुंचाया है, वह व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। निश्चित रूप से पूर्व में भी कोविड-19 के बीच गरीबों को महंगाई और भूख की चुनौती से बचाने के लिए भारत में अपनाई गई मुफ्त अनाज वितरण की प्रभावी पहल को दुनियाभर में रेखांकित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित रिसर्च पेपर में कोविड की पहली लहर 2020-21 के प्रभावों को अध्ययन में शामिल करते हुए कहा गया है।

# शिव-शंकर

## चिंतन-मनन

**शिव** का अर्थ है शुभ'। शंकर का अर्थ होता है कल्याण करने वाले। निश्चित रूप से उन्हें प्रसन्न करने के लिए मनुष्य को उनके अनुरूप ही बनना पड़ेगा। शंकर जी के ललाट पर स्थित चंद्र, शीतलता और संतुलन का प्रतीक है। विश्व कल्याण का प्रतीक और चन्द्रमा सुन्दरता का पर्याय है,जो सुनिश्चित ही शिवम से सुन्दरम को चरितार्थ करता है। सिर पर बहती गंगा शिव के मस्तिष्क में अविरल प्रवाहित पवित्रता का प्रतीक है। भगवान शिव का तीसरा नेत्र विवेक का प्रतीक है, जिसके खुलते ही कामदेव नष्ट हुआ था अर्थात विवेक से कामनाओं को विनष्ट करके ही शांति प्राप्त की जा सकती है। सर्पों की माला दुष्टों को भी गले लगाने की क्षमता तथा कानों में बिच्छू, बर्र के कुण्डल अर्थात कटु एवं कठोर शब्द को सुनने की सहनशीलता ही सच्चे साधक की पहचान है। मृगछाल निरर्थक वस्तुओं का सदुपयोग करना और मुण्डों की माला,जीवन की अंतिम अवस्था की वास्तविकता को दशार्ती है। भस्म लेपन, शरीर की अंतिम परिणति दशार्ता है। शिव को नील कंठेश्वर कहते हैं। पुराणों में समुद्र मंथन की कथा आती है। समुद्र से नाना प्रकार के रत्न निकले जिनको सभी देवताओं ने अपनी इच्छानुसार हथिया लिया। अमृत देवता पी गये, वारुणि राक्षस पी गये। समुद्र से जहर निकला। सारे देवी- देवता समुद्र तट से भाग खड़े हुए। जहर की भीषण ज्वालाओं से सारा विश्व जलने लगा तब शिव आगे बढ़े और कालकूट प्रलयंकर बन गए और नीलकंठ देवाधिदेव महादेव कहलाने लगे। हमारे कुछ धार्मिक कहे जाने वाले व्यक्तियों ने शिव पूजा के साथ नशे की परिपाटी जोड़ रखी है। भांग, धतूरा, चिलम गांजा जैसे घातक नशे करना मानवता पर कलंक है। अतः शंकर भक्त को ऐसी बुराइयों से दूर रहकर शिव के चरणों में बिल्व पत्र ही समर्पित करना चाहिए। बेल के तीन पत्र हमारे लोभ, मोह, अहंकार को मिटाने में समर्थ है। शंकर जी हाथ में त्रिशूल इसलिए धारण किए रहते हैं। जिससे दुःखदायी इन तीन भूलों को सदैव याद रखा जाए। नशेबाजी एक धीमी आत्म हत्या है। इस व्यक्तिगत और सामाजिक बुराई से बचकर नशा निवारण के संकल्पों को उभारना ही शंकर की सच्ची आराधना है। शंकर के सच्चे वीरभद्र बनने की आवश्यकता है। वीरता अभद्र न हो तो संसार के प्रत्येक व्यक्ति को न्याय मिल सकता है।

# आपके पत्र

## सेहत का दुश्मन है आलस्य

**हाल** ही में लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। यह रिपोर्ट 197 देशों के लगभग 57 लाख लोगों की है और इसमें यह बताया गया है कि हमारे देश के लगभग 50 प्रतिशत लोग बहुत कम शारीरिक परिश्रम करते हैं। इनमें लगभग 42 प्रतिशत महिलाओं और 57 प्रतिशत पुरुषों को आलसीपन की श्रेणी में रखा गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर व्यक्ति को लगभग 20 मिनट कसरत करने की जरूरत होती है।

आलस्य बहुत सी जानलेवा बीमारियों को भी दावत देता है, जिनमें मुख्यतः मोटापा, डायबिटीज, हार्ट, बीपी आदि बीमारियां हैं। इसमें कोई शक भी नहीं है कि हमारे देश में इन बीमारियों के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अगर बच्चे खेल के मैदान में नहीं खेलते हैं तो इनके तन-मन के लिए जरा भी उचित नहीं है। इसलिए पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी हैं।

**मनीषा जायसवाल, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।

**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**

**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ



## शिव भक्तों की सेवा में जुटी है निःशुल्क श्रावणी मेला सेवा शिविर

**बासुकीनाथः** विश्व प्रसिद्ध नागेश ज्योतिर्लिंग फौजदारी बाबा बासुकीनाथ धाम में लगी मासव्यापी राजकीय श्रावणी मेला को जहां एक और जिला प्रशासन सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए कृत संकल्प है वहीं दूसरी ओर स्वयंसेवी संस्था भी शिव भक्तों की जमकर सेवा कर रही है. इस कड़ी में बाबा नगरी बाबा बासुकीनाथ धाम में बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति कोलकाता के द्वारा आयोजित निःशुल्क श्रावणी मेला सेवा शिविर इन दिनों जमकर शिव भक्तों की सेवा कर रहा है. वर्ष 1992 से इस निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन हो रहा है. मौके पर उपस्थित बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति कोलकाता के प्रधान सचिव कमल केजरीवाल ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से निःशुल्क एक माह तक कांवरिया बंधु के लिए भोजन एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई है. प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक निरंतर भक्तों की सेवा की जा रही है. संपूर्ण भारतवर्ष के शिव भक्तगण यहां आते हैं और यहां आकर शिव भक्तगण सुखद महसूस करते हैं. उन्होंने बताया कि कांवरिया बंधु के सेवा में समिति के केशर देव गुप्ता, मनोज अग्रवाल, संजय जैन, मनोज भुवानियां, मनोज पांडेय, अरुण कुमार राय, पेट सार पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी, विनोद सर्राफ, अरुण सुरेका, विनोद सुरेका एवं उमाकांत सिंह जुटे हुए हैं।

## एसकेएमयू में आवश्यकता आधारित सहायक प्रोफेसर के लिए साक्षात्कार कल से

**दुमकाः** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक नियुक्ति हेतु शेष विषयों के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया कल मंगलवार से पुनः प्रारंभ होगी। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व अपरिहार्य कारणों से विश्वविद्यालय द्वारा चार विषयों के साक्षात्कार की तिथि स्थगित कर दी गई थी। जिन विषयों के साक्षात्कार स्थगित किए गए थे उनमें भौतिकी, इतिहास, अंग्रेजी एवं हिंदी शामिल थे। कल मंगलवार को भौतिकी विषय के लिए साक्षात्कार होगा जिसमें कुल 44 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। अंग्रेजी विषय के लिए साक्षात्कार 9 एवं 10 अगस्त को होगा जिसमें कुल 58 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है, इतिहास विषय के लिए साक्षात्कार 11 एवं 13 अगस्त को होगा जिसमें कुल 51 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है तथा हिंदी विषय के लिए साक्षात्कार 16, 17 एवं 18 अगस्त की तिथि निर्धारित की गई है जिसमें कुल 89 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय ने कुल 273 आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए 5 मार्च को विज्ञापन प्रकाशित किया था। उक्त विज्ञापन के तहत विभिन्न विषयों में कुल 2977 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद विश्वविद्यालय ने 16 विषयों में कुल 518 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया था। अब तक 12 विषयों की साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शेष 5 विषयों में से 4 विषयों की साक्षात्कार प्रक्रिया कल मंगलवार से 18 अगस्त तक चलेगी, जबकि एक विषय राजनीतिक विषय की नियुक्ति प्रक्रिया फिलहाल न्यायालय में मामला लंबित रहने के कारण स्थगित है। यहां आपको बता दें कि यह नियुक्ति राजभवन एवं झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से प्राप्त आदेश के आलोक में बहली विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही है। इस नियुक्ति के लिए विज्ञापन झारखंड सरकार द्वारा अधिसूचित यूजीसी रेगुलेशन 2018 के अनुसार झारखंड सरकार के एचटीईडी द्वारा अनुमोदित रोस्टर की रिक्तियों के आधार पर किया जा रहा है एवं विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना में स्पष्ट उल्लेख है कि यह नियुक्ति जेपीएससी से असिस्टेंट प्रोफेसर की नियमित या बैकलॉग नियुक्ति होने तक की जा रही है।

## मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना 2630 आवेदन हुए प्राप्त, 6 की ऑनलाइन इंट्री



**जामाः** प्रखंड के सभी पंचायतों में आयोजित आठ दिवसीय शिविर के दूसरे दिन मुख्यमंत्री मइँया सम्मान योजना में रविवार को योग्य लाभुको से कुल 2630 आवेदन प्राप्त किये गये। लगातार दूसरे दिन सर्वर खराब रहने से मात्र 6 आवेदन की ही ऑनलाइन इंट्री हो पायी। जानकारी के अनुसार छैलापाथर में 4 तथा बेदिया में 2 आवेदन की ऑन लाइन इंट्री हुई है। सर्वर डाउन रहने के कारण दूसरे दिन भी अन्य पंचायतों में ऑन लाइन इंट्री नहीं हो पायी। कैंप में आवेदन की प्राप्ति और ऑनलाइन इंट्री कराने के लिए सभी पंचायत भवन में पंचायत सचिव के निगरानी में आंगनबाड़ी सेविका, स्कूली शिक्षक, प्रज्ञा केंद्र संचालक एवं अन्य कर्मियों को लगाया गया है। रविवार को वरीय पदाधिकारी बिनोद कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ विवेक किशोर ने पलासी, बारा, सरसाबाद, बेदिया, चिगलपहाड़ी, छैलापाथर, बिचकोड़ा, भुट्टोकोडिया, टेंगधोवा आदि पंचायत का भ्रमण कर पेंशन शिविर का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता सहित सभी पंचायत के मुखिया, प्रतिनियुक्त कर्मी व पर्यवेक्षक मौजूद थे।

# तीसरी सोमवारी पर बड़ी संख्या में बासुकीनाथ पहुंचे श्रद्धालु



मेट्रो रेस

**बासुकीनाथः** विश्व प्रसिद्ध नागेश ज्योतिर्लिंग फौजदारी बाबा बासुकीनाथ धाम में लगी मासव्यापी राजकीय श्रावणी मेला के तीसरी सोमवरी को रुट लाइन के निरीक्षण के उपरांत जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने प्रशासनिक भवन स्थित सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुँचकर पूरे मेला क्षेत्र में हो रहे गतिविधि को देखा। इस दौरान उन्होंने प्रतिनियुक्त को निदेश दिया कि लगातार सीसीटीवी से पूरे मेला क्षेत्र में हो रहे गतिविधि पर अपनी नजर बनाये रखें।उन्होंने कहा कि अगर किसी जगह पर भीड़ एकत्रित होता दिखाई दे तो वरीय अधिकारी को इसकी सूचना दें।247 सीसीटीवी कार्य करे इसे सिनिश्चित करें किसी कीमत पर कैमरा बंद न हो इसका ध्यान रखें।कहा कि बचे दिनों में श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण कराया जाएगा।श्रद्धालुओं की हर जरूरी सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई नही हो।



## पूरी तत्परता से अपने कर्तव्य का करें निर्वह्नः उपायुक्त



**दुमकाः** विश्व प्रसिद्ध नागेश ज्योतिर्लिंग फौजदारी बाबा बासुकीनाथ धाम में लगी मासव्यापी राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के सावन की तीसरी सोमवारी को देर रात्रि से ही श्रद्धालु शिवगंगा की ओर बढ़ रहे थे,एवं स्नान कर कतारबद्ध हो रहे थे। जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे श्रद्धालुओं की तादाद को देखते हुए मेला क्षेत्र में हो रही हर गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे।उन्होंने समय समय पर रुट लाइन का निरीक्षण भी किया एवं विधि व्यवस्था का जायजा लिया। पूरी तत्परता से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें: तीसरी सोमवारी को काँवरिया रुट लाइन के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों से कहा कि पूरी तत्परता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नही हो इसका ध्यान रखा जाय।विनम्रता से श्रद्धालुओं से पेश आयें।उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर प्रतिनियुक्त सुरक्षा बल के जवान सभी श्रद्धालुओं पर अपनी नजर बनाये रखें।किसी प्रकार की विपरीत स्थिति उत्पन्न नहीं हो इसका ध्यान रखें।

**एनडीआरएफ की टीम शिवगंगा में थी उपस्थितः** तीसरी सोमवरी को मंदिर का पट खुलते ही हर हर महादेव के नारों के साथ श्रद्धालु कतारबद्ध होकर मंदिर की ओर बढ़ रहे थे। सुरक्षा बल के जवान सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर देर रात्रि से प्रतिनियुक्त थे।अर्घा के माध्यम से श्रद्धालु बाबा का जलार्पण कर रहे थे।श्रद्धालुओं की तादाद को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम शिवगंगा में पूरे अलर्ट मोड में थी।शिवगंगा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा का ख्याल रखा जा रहा था।श्रद्धालु पूरे आस्था के साथ शिवगंगा में स्नान कर बाबा फौजदारी नाथ पर जलार्पण कर रहे थे।

**अर्घा सिस्टम से श्रद्धालु कर रहे जलार्पणःजैसे ही जलार्पण प्रातः** 4 बजकर 10 मिनट पर प्रारंभ हुआ श्रद्धालु अर्घा सिस्टम के माध्यम से कड़ी सुरक्षा के बीच जलार्पण कर रहे थे। सुरक्षा बलों के जवानों द्वारा उनकी सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जा रहा था। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

## पूर्व भाजपा सांसद सुनील सोरेन के मार्गदर्शन से निःशुल्क डाक बम सेवा शिविर का आयोजन

**दुमकाः** सावन के पवित्र महिने के रविवार को देर रात डाक बम की सेवा के लिए भागलपुर-बासुकीनाथ मार्ग पर धावाटांड़ कुरमखहाट में दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन के सौजन्य से निःशुल्क डाक बम सेवा शिविर लगाया गया। पूर्व भाजपा सांसद सुनील सोरेन ने बताया कि सावन के पावन माह में कठिन परिश्रम से डाक बम बाबा बासुकीनाथ धाम में जलाभिषेक करते हैं। इस श्रद्धालुओं की राह आसान करने में भाजपा के कार्यकताओं के द्वारा सेवा काफी मददगार साबित होता है। वर्ष 2007 से हर वर्ष डाक बम की सेवा के लिए वह बाबा बासुकीनाथ के रास्ते में निःशुल्क शिविर का आयोजन करते हैं। डाक बम के लिए गर्म पानी, ठंडा पानी, नीबू पानी, चाय, फल तथा बाम, स्प्रे दवाई का इंतजाम करते हैं। शिविर को सफल बनाने में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह, दीपक स्वर्णकार, इंद्रकांत यादव, प्रवीण सिंह, सीताराम मिश्रा, संतोष साह, अनूप सिंह, रंजीत सिंह, जतु दा, नरेश कुमार, सन्नी सिंह, आनंद झा, संजय शास्त्री, द्वारिका साह,मनोज स्वर्णकार, मुरलीधर पांडे, तरूण साह, प्रदीप कुमार दर्वे, सुनील कुमार, मोहन राउत, सिताराम यादव, अनिल कुमार, दिलीप साह आदि शामिल हुए।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए झारखंड में काम कर रहा संगठित गिरोह

**साहिबगंज :** बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने व उनके लिए रोजगार व्यवस्था करने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा देने के लिए संगठित गिरोह काम कर रहा है। पुलिस की खुफिया रिपोर्ट से इसका पदार्फाश हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार गिरोह में शामिल लोगों का काम बंटा हुआ है। झारखंड के साहिबगंज जिले में बांग्लादेशी घुसपैठिया को बसाने के लिए रोजगार की व्यवस्था करने व उन्हें सामाजिक सुरक्षा देने के लिए एक संगठित कम कर रहा है। पुलिस की खुफिया रिपोर्ट से इसका पदार्फाश हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार गिरोह में शामिल लोगों का काम बाटा हुआ है। जिसमें राजमहल तीनपहाड़ के अस्पतालों में फर्जी प्रमाण पत्र बनवाया जाता है। जिसके आधार पर उसके राशन कार्ड व अन्य दस्तावेज बनाए जाते हैं। इसी तरह से मतदाता सूची में भी उनका नाम जोड़ा जाता है। और सरकारी योजनाओं का भी लाभ मिलने लगता है।

**कानूनी और सरकारी कागजात की व्यवस्था करने वाला गिरोह :** रिपोर्ट के अनुसार कुछ लोग बांग्लादेशी घुसपैठियों को बुलाकर लाते हैं।तो कुछ उनके रहने की व्यवस्था करते हैं। और कुछ कानूनी व सरकारी कागजात की व्यवस्था करने वाले गिरोह अलग है। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर अवैध रूप से भारत में घुसे लोगों को यहां का नागरिक बात कर उन्हें अवैध रूप से भारत में घूसे लोगों को यहां का नागरिक बताकर निवासी बना दिया जाता है। जबकि रिपोर्ट में कुछ सीएससी को भी चिन्हित किए जाने का हवाला दिया गया।पिछले दो वर्ष पूर्व फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का मामला आया था।दो वर्ष पूर्व राजमहल में बड़े पैमाने पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने का मामला प्रकाश में आया था। राजमहल के उपाध्यक्षीक उदय टूटू ने इस संबंध में प्राथमिक दर्ज कराई थी। इस वर्ष मार्च में बोरियों में भी फर्जी प्रमाण पत्र बनाने का मामला सामने आया था।यहां बिआरसी शिक्षा विभागों का प्रखंड से संसाधन केंद्र में संचालित आधार केंद्र में फर्जी प्रमाण पत्र बनवाए जा रहे थे। इस मामले में सीएससी संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।इससे पूर्व राजमहल व उधवा में भी फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर बड़े पैमाने पर विधवा पेंशन का लाभ लेने का मामला भी सामने आ चुका है। इस मामले में भी प्राथमिक की कराई गई थी। भाजपा नेता पंकज चौधरी के माने तो फर्जी प्रमाण पत्र निर्माण के दर्ज मामले के ठीक से जांच हो तो उसके भी तर कहीं ना कहीं बांग्लादेशी घुसपैठियों जुड़े हुए मिलेंगे। श्री चौधरी ने बताया कि वोट बैंक का राजनीति करने वाले झामुमो व कांग्रेसी नेता के द्वारा या काम किया जा रहा है। आखिर क्यों अपने देश को इस ओर काम कर रहा है।ऐसे नेता को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई किया जाए । जिससे यह नेता को सीख मिल सके।



## 54 फीट का कांवड लेकर हजारों कावंड़िये शिवगद्दी रवाना

**साहिबगंजः** ॐ साधो जातये नमः ॐ वाम देवाय नमः ॐ आधोराय नमः ॐ तत्पुरूषाय नमः ॐ ईशनाय नमः ॐ ही हौ नमः शिवाय के साथ माँ गंगा से जल भरकर 54 फीट का कांवर में जल भरकर हजारों की संख्या में तीसरी सोमवारी को शिव भक्त शहर के गली मोहल्ला भ्रमण करते हुए बरेहट स्थित शिवगद्दी के लिए रवाना हो गए । शिव भक्तों के द्वारा नारा लगाते हुए जा रहे थे। इस संदर्भ में सोमवारी को लेकर जिला प्रशासन कमर कसते हुए प्रशासनिक पूर्ण व्यवस्था किया गया है। आज सोमवार को मोती झरना बाबा एवं शिवगद्दी में लाखों कांवरिया जल को शिव पर अर्पण करते नजर आए। बोल बम की नारा है बाबा एक सहारा है यह आवाज से गूंज उठा बाबा नगरी।

## अल्पसंख्यक वोट को कांग्रेस पार्टी अपना पॉकेट वोट ना समझेः रिंकू शेख



**साहिबगंजः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार धारा एवं उनकी बातों से मुस्लिम समाज भी अब सहमत होने लगे है और वो दिन दूर नहीं है। कि बीजेपी पार्टी हिंदुओं की पार्टी है।ये झूठ साबित हो जाएगी।ये बाते भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री रिंकू शेख शेख ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा। रिंकू शेख को प्रदेश महामंत्री बनाये जाने पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मराण्डी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मो.अनवर हयात सहित अन्य नेताओं को धन्यवाद दिया।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में आगे बढ़ रही है।और लगातार देश की सेवा के लिए तत्पर है।मौके पर भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य संजीव कुमार गुप्ता एवं राजकुमार महतो मुख्य रूप से मौजूद थे।

## वन विभाग के सौजन्य से पौधरोपण कार्यक्रम



**साहिबगंजः** शहर के बायसी मंदिर के प्रांगण में रविवार को वन विभाग के सौजन्य से सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार ने पौध रोपन किया। इस दौरान उपस्थित कर्मचारी व स्थानीय लोगों को अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार ने कहा कि हमें फलदार वृक्ष लगाना चाहिए और इसको लेकर दूसरे लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए कि पौधे लगाए। अभी बरसात का मौसम है जहां पौधे लगाने से पौधे आसानी से लग भी जाएगा जिससे आने वाले दिनों में यही पौधे बड़ा होकर हमें छांव के साथ साथ फल भी देगें। इस मौके पर सदर एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे, वन परिसर पदाधिकारी राणा रंजीत चौधरी एवं अन्य वनकर्मी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ की बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा

मेट्रो रेस




**साहिबगंजः** राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ जिला इकाई साहिबगंज की एक बैठक जिला अध्यक्ष चन्दन रमानी की अध्यक्षता में साहिबगंज कॉलेज में सम्पन्न हुई। बैठक मे कई प्रस्ताव लाये गये। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंदन कुमार रमानी,जिला सचिव नंद किशोर दास,कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार रिंकू उपसचिव गौर रंजन हाजरा,शीला मिश्रा,आनंद मोदी,नंद कुमार जायसवाल, राकेश तिवारी,सुनील कुमार व अन्य शामिल हुए।

इन प्रस्ताव पर हुआ चर्चा

राष्ट्रीय अधिवेशन, दुर्ग छत्तीसगढ़ जाने का बचा हुआ आर्थिक सहयोग राशि 4500 रुपये जिला कमिटी के खाते में जमा होगा,राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार जिला कमिटी के 5 सदस्यों की एक टीम राजमहल सांसद को एक ज्ञापन सौपेंगे,जिला कमिटी के पास प्रत्येक वर्ष की तरह वर्ष 2024 का पोस्ट ऑफिस सीबीएस मैनुएल बुक आ चुका है जिस किसी अभिकर्ता को इस बुक की जरूरत होगी तो वे जिला सचिव से सम्पर्क करेगे और साथ ही अभिकर्ता 15 दिनों के अंदर हर हाल मे बुक वापस करेगे,साहिबगंज जिला के प्रत्येक डाकघरों में समय सारणी लगवाने के लिए विभाग को सामुहिक प्रत्र के साथ संगठन अपनी मांग पत्र देगी अभिकर्ताओं के विनियोग सम्बंधित कार्य के लिए सुविधा उपलब्ध कराने की मांग पत्र देगी,हर साल की तरह इस साल भी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर झंडातोलन कार्यक्रम किया जायेगा जिसमें साहिबगंज जिला के सभी अभिकर्तागण आमंत्रित है,पिछली बैठक में लिए गये प्रस्ताव के अनुसार साहेबगंज कॉलेज उपडाकघर और मुख्य डाकघर साहेबगंज के अभिकर्ताओं का एक नया वाट्सअप ग्रुप बन चुका है। जिसके कारण पुराने वाट्सअप ग्रुप से इन दोनो डाकघरों के अभिकर्ताओं को नए ग्रुप में स्थानांतरित कर दिया जाए। क्योंकि एक ही मैसेज बार बार दिखता हैं। प्रत्येक माह के 01 तारीख से 05 तारीख तक सभी अभिकर्ता साथी स्वयं मासिक सहयोग राशि जिला कोषाध्यक्ष के पास जमा करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश कमिटी के आदेशानुसार तय तिथि में अपने जिला के साथ साथ अपने प्रमंडलीय भ्रमण कार्यक्रम को किया जाऐगा जिसका मुख्य उद्देश्य अभिकर्ताओं मे संगठन के लिए जागरूकता लाना हैं। अभिकर्ताओं के टीडीएस रिफण्ड के लिए प्रमण्डलीय प्रभारी सह जिला अध्यक्ष चन्दन कुमार रमानी ने कहा कि एसएसपी,दुमका के निर्देश पर लिखित आवेदन के साथ कटे हुए टीडीएस की पोस्टमॉस्टर के द्वारा सत्यापित कापी एवं अपने पैन पर अपलोड टीडीएस की 26एएस की कापी को संलग्न कर एसएसपी, दुमका को भेजना है।

# पेरिस ओलंपिक : पुरुष हॉकी के सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला जर्मनी से होगा

**नई दिल्ली:** विश्व में पांचवें नंबर पर काबिज भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में चार बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा एफआईएच हॉकी विश्व कप चैंपियन जर्मनी से भिड़ेगी।

रविवार को क्वार्टर फाइनल में चौथी रैंकिंग वाली जर्मनी की सातवीं रैंकिंग वाली अर्जेंटीना पर 3-2 से जीत के बाद आखिरकार यह मुकाबला पक्का हो गया है।

दूसरे सेमीफाइनल में नीदरलैंड का मुकाबला स्पेन से होगा। नीदरलैंड, जो वर्तमान में तीसरी रैंकिंग वाली टीम है और जिसके पास दो ओलंपिक स्वर्ण हैं, ने ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। छठी रैंकिंग वाली ऑस्ट्रेलिया, जो तीन बार विश्व कप विजेता भी है, को एक गंभीर झटका लगा क्योंकि



उन्हें भारत से (1972 के बाद से ओलंपिक में एशियाई दिग्गजों के खिलाफ उनकी पहली हार) और नीदरलैंड से लगातार दो हार का सामना करना पड़ा। स्पेन ने अपने क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर एक और मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में एक रोमांचक क्वार्टर फाइनल मैच में ग्रेट ब्रिटेन को हराया और रविवार को सेमीफाइनल में प्रवेश किया। निर्धारित समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर था, अतः भारत ने शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बना ली। वर्तमान में, भारतीय दल ने पेरिस ओलंपिक में तीन कांस्य पदक जीते हैं और ये सभी निशानेबाजी में आए हैं।




## टाइगर श्रॉफ ने की अपनी पहली डांस अकादमी लॉन्च

**बॉलीवुड** के यंगेस्ट एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ न सिर्फ अपने एक्शन सीन्स के लिए जाने जाते हैं बल्कि अक्सर अपने सिग्नेचर डांस मूव्स से इंटरनेट पर धूम मचाते हैं। टाइगर श्रॉफ के डांसिंग स्किल्स ने बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला दिया है। अब, एक्टर अपनी पहली डांस अकादमी, 'मैट्रिक्स डांस अकादमी' के लॉन्च के साथ डांस के प्रति अपने पैशन को नेक्स्ट लेवल पर ले जा रहे हैं। इसी ले साथ टाइगर ने अपनी पहली डांस अकादमी को लॉन्च किया है।

## अपनी बहन की फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' देखकर भावुक हुए ऋतिक रोशन



**बॉलीवुड** एक्टर ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन हाल ही में एक फिल्म में नजर आई हैं। वह बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी हैं। ऋतिक रोशन ने अपनी बहन को बड़े पर्दे पर देखने के बाद उनकी तारीफ की है। पश्मीना की पहली फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' देखने के बाद ऋतिक काफी प्रभावित हुए। इसके बाद उन्होंने पश्मीना के साथ कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और इसके साथ एक इमोशनल मैसेज भी लिखा। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ऋतिक ने पश्मीना की अपार क्षमता की सराहना की और कहा कि उसका भविष्य बहुत उज्ज्वल है। ऋतिक रोशन ने पश्मीना पर पूरा भरोसा जताया और लिखा कि वह भविष्य में बहुत कुछ हासिल करेंगी, खासकर 'इश्क विश्क रिबाउंड' में उनका डेब्यू बहुत अच्छा है। ऋतिक ने आगे कहा कि पश्मीना की एक अनोखी शैली है जिसे वह जानते हैं और अगर वह इसे खुद समझती है, तो वह अपनी शैली को और भी आगे बढ़ा सकती है। ऋतिक की पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर पश्मीना को बधाइयों का तांता लग गया है। फैंस भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। ऋतिक की बहन ने की बड़ी सराहनाः पश्मीना रोशन की डेब्यू फिल्म की भी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हुई थी। पश्मीना रोशन ने अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म 'इश्क-विश्क' की सीक्वल फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। उनकी इस फिल्म को लेकर ऋतिक रोशन भी काफी उत्साहित थे। पश्मीना को उनके डेब्यू के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके प्यारे डुग्गू भैया यानी ऋतिक रोशन ने एक पोस्ट लिखा था। ऋतिक रोशन ने इस पोस्ट में लिखा, 'पश्मीना, मुझे तुम पर बहुत गर्व है। आप अपनी मेहनत से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। आपकी चमक को और भी अधिक बढ़ता हुआ देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते। आपकी इच्छाशक्ति आपको बहुत आगे तक ले जाएगी।'

**कौन हैं पश्मीना रोशन? :** पश्मीना रोशन रोशन लाल नागरथ की पोती, राकेश रोशन की भतीजी, राजेश रोशन की बेटी और ऋतिक रोशन की चचेरी बहन हैं।

## तीन दिन में ही हांफने लगी अजय देवगन की फिल्म औरों में कहां दम था, 10 करोड़ भी कमाना हुआ मुश्किल




**नीरज** पांडे की रोमांटिक फिल्म औरों में कहां दम था 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर अजय और जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ की क्लैश हुई। तीन दिन हो गए है फिल्म के रिलीज को, लेकिन दोनों ही मूवीज बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का ध्यान खींचने नाकाम होते दिख रहे हैं। हालांकि रविवार को दोनों की फिल्मों को फायदा मिला और कलेक्शन में बढ़ोतरी हुई। आपको बताते हैं किसने कितनी कमाई की। औरों में कहां दम था नहीं लुभा पा रही दर्शकों कोः अजय देवगन और तब्बू ने साथ में कई फिल्में की है। औरों में कहां दम था उनकी 11वीं फिल्म है, जिसमें दोनों ने स्क्रीन शेयर किया है। रिलीज के बाद पहले संडे को फिल्म ने कोई जबरदस्त कमाई नहीं की। रूंल्ल'' की एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म ने तीसरे दिन 2.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। अभी तक मूवी ने 6.75 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। वहीं, मंडे टेस्ट में फिल्म पास होती है या नहीं, ये देखने लायक होगा। वैसे हिट होने के लिए 100 करोड़ का आंकड़ा फिल्म को पार करना होगा, जो मुमकिन नहीं दिख रहा। जान्हवी कपूर की उलझ का निकला दमः वहीं, जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ का भी हाल औरों में कहां दम था जैसा ही बॉक्स ऑफिस पर दिख रहा है। मूवी दर्शकों को सिनेमाहाल में लाने के लिए संघर्ष करती दिख रही है। अर्ली ट्रेंड के मुताबिक, रविवार को मूवी ने सिर्फ 2 करोड़ रुपये की कमाई की। अबतक ये 10 करोड़ का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई। टोटल कमाई की बात करें तो फिल्म ने अभी तक केवल 4.90 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। जैसा अभी फिल्म का हाल है, इससे तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि सोमवार को भी इसका हाल बेहाल रहेगा।

## जिस घर में रहते थे शाहरुख-गौरी उसे आर्यन खान ने खरीदा

**शाहरुख** खान और गौरी खान के बेटे आर्यन खान के दिल्ली में प्रॉपर्टी खरीदने की खबरें हैं। उन्होंने साउथ दिल्ली के पंचशील पार्क में दो फ्लोर खरीदे हैं। ये जगह शाहरुख खान और गौरी खान के लिए बहुत खास है। दरअसल, शाहरुख और गौरी के पास इसी बिल्डिंग का बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर है। गौरी खान ने ही इस बिल्डिंग को डिजाइन किया था। आर्यन ने जो प्रॉपर्टी खरीदी है, उसकी कीमत 37 करोड़ रुपए है। आर्यन खान ने मई 2024 में ट्रांसजेक्शन रजिस्टर की थी और 2.64 करोड़ की स्टाम्प ड्यूटी दी थी। बुटीक रियल एस्टेट के फाउंडर प्रदीप प्रजापति ने बताया कि ऐसा कम ही देखने को मिलता है कि कोई बॉलीवुड सेलेब्स इतनी हाई वैल्यू ट्रांसजेक्शन करें।

पेरिस ओलंपिक

## नोआह लाइल्स ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण

**पेरिसः** संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के नोआह लाइल्स ने चल रहे पेरिस ओलंपिक में रविवार देर रात पुरुषों की 100 मीटर दौड़ के फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। लाइल्स को अपने करियर की सबसे बड़ी रेस में कुछ खास करने की जरूरत थी। उन्होंने अपने चरम का फायदा उठाया और स्टेड डी फ्रांस में खचाखच भरी भीड़ के सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

नोआह ने 9.784 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। वह दिग्गज उसैन बोल्ट के 9.63 सेकंड के ओलंपिक रिकॉर्ड को तोड़ने से सिर्फ 0.16 सेकंड दूर थे। जमैका के किशन थॉम्पसन ग्रीष्मकालीन खेलों के इतिहास में सबसे करीबी 100 मीटर दौड़ में से एक में एक सेकंड के अंश से पीछे रहने के बाद रजत पदक से संतुष्ट हुए। नोआह के हमवतन फ्रेड केर्ली ने 9.81 सेकंड के अपने सीजन के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता।




अपनी जीत के बाद, नोआह 2004 में जस्टिन गैटलिन के 100 मीटर दौड़ में पोडियम के शीर्ष पर आने के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले अमेरिकी एथलीट बन गए। एथलीटों को नतीजों के लिए कुछ समय तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि इस स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी आठ धावकों के बीच स्वर्ण पदक के लिए बहुत कम अंतर था।

अंत में, यह घोषित किया गया कि पोडियम के शीर्ष पर पहुंचने के लिए नोआह किशन से 0.005 सेकंड आगे थे। घोषणा के बाद, भीड़ ने जोरदार तालियाँ बजाईं और अमेरिकी धावक की इस उल्लेखनीय जीत की सराहना की। उन्होंने अपनी शर्ट से अपना नाम फाड़कर हवा में लहराया।

दक्षिण अफ्रीका के अकाने सिम्बाइन एक बार फिर पोडियम फिनिश से चूक गए क्योंकि वे चौथे स्थान पर रहे। टोक्यो और रियो ओलंपिक में, सिम्बाइन करीब थे, लेकिन स्पर्धा में ओलंपिक पदक जीतने से चूक गए। नोआह ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर और 200 मीटर की दौड़ जीती थी। 100 मीटर में स्वर्ण जीतने के बाद, वह पेरिस में 200 मीटर दौड़ स्पर्धा में अपना दूसरा स्वर्ण जीतने की कोशिश करेंगे।

## जूलियन अल्फ्रेड फर्राटा क्वीन, 100 मीटर रेस में दुनिया को चौंकाया



**पेरिसः**ओलंपिक में जूलियन अल्फ्रेड ने महिलाओं की 100 मीटर का फाइनल जीत लिया। सेंट लूसिया की जूलियन ने 10.72 सेकंड में रेस पूरी कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। यह ओलंपिक में सेंट लूसिया का यह पहला ओलंपिक मेडल है। सेंट लूसिया की आबादी दो लाख से भी कम है। बारिश की वजह से गीले ट्रैक पर रेस का आयोजन हुआ। विश्व चैंपियन और रेस की प्रबल दावेदार शाकैरी रिचर्डसन ने 10.87 सेकंड के साथ रजत पदक जीता, लेकिन अमेरिकी धावक कभी भी अल्फ्रेड को चुनौती नहीं दे सकी। उनकी हमवतन मेलिसा जेफरसन ने 10.92 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। जूलियन अल्फ्रेड हीट राउंड में 10.95 सेकंड का समय लेकर 5वें नंबर पर थीं। वह सेमीफाइनल में भी सबसे तेज रेसर रहीं। 23 साल की जुलियन ने सेमीफाइनल में 10.84 सेकंड का समय लिया था। फाइनल मुकाबले में वह छठे लेन में थीं। शाकैरी रिचर्डसन 7वें और मेलिसा जेफरसन 5वें में थीं।

## पार्टी में बेहद छोटे ड्रेस में पहुंची आर्यन खान की रूमर्ड गर्लफ्रेंड, शाहरुख खान की लाडली दिखी इस खास शख्स के साथ



**बॉलीवुड** के बादशाह शाहरुख खान के बच्चे आर्यन खान और सुहाना खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। सुहाना ने फिल्मों में कदम रख लिया है, जबकि आर्यन पर्दे के पीछे रहकर ही काम कर रहे हैं। अक्सर दोनों किसी पार्टी या फंक्शन में नजर आ जाते हैं। आर्यन और सुहाना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों भाई-बहन मुंबई में एक पार्टी में शामिल होने आए। इस पार्टी में एक और शख्स दिखा, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। वहीं, इसमें अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के पोते अगस्त्य नंदा भी शामिल हुए।

**पार्टी में इन 2 खास शख्स के साथ पहुंचे आर्यन खानः** रविवार को मुंबई में एक पार्टी में आर्यन खान और सुहाना खान साथ में दिखे। इस पार्टी में आर्यन की कथित गर्लफ्रेंड लारिसा बोन्सी भी शामिल हुई। उनका वीडियो सामने आया है, जिसमें लारिसा शॉर्ट ब्लैक आउटफिट में काफी खूबसूरत दिख रही है। ऑल ब्लैक आउटफिट में वो बेहद हसीन लग रही है। वहीं, सुहाना ने स्टाइलिश फिगर-हगिंग ब्राउन ड्रेस पहना था और अपने बालों को खुला रखा था। साथ ही स्टारकिड ने अपने मेकअप को मिनिमल रखा था। जबकि आर्यन ने फेडेड जींस और ब्लैक टी-शर्ट पहना था।



## वर्ल्ड कप हीरो जोगिंदर का हैरतअंगेज दावा

**नई दिल्ली:** गौतम गंभीर ने टीम इंडिया के कोच के रूप में शानदार शुरूआत की है। उनकी अगवाई में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम ने श्रीलंका को तीन मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 से हरा दिया। हालांकि, भारत के पूर्व क्रिकेटर और 2007 टी-20 विश्व कप विजेता जोगिंदर शर्मा का मानना है कि गंभीर लंबे समय तक मुख्य कोच नहीं रह पाएंगे। जोगिंदर शर्मा का कहना है कि गौतम गंभीर का खिलाड़ियों के साथ मनमुटाव हो सकता है। उन्होंने शुभंकर मिश्रा के पॉडकास्ट के दौरान कहा, गौतम गंभीर टीम को संभालने वाला है लेकिन पर मेरा ये मानना है कि गौतम गंभीर ज्यादा लंबे समय तक टिक नहीं पाएगा। क्योंकि गौतम गंभीर के अपने ही कुछ फैसले होते हैं। हो सकता है किसी प्लेयर से मनमुटाव हो जाए। मैं विराट कोहली की बात नहीं कर रहा हूं। गौतम गंभीर के फैसले कई बार ऐसे हो जाते हैं कि दूसरों को पसंद नहीं आते। 2007 में भारत की टी20 विश्व कप जीत में आखिरी ओवर डालने वाले जोगिंदर ने कहा, गौतम गंभीर सीधी बात करने वाला है।

### अमिताभ बच्चन ने लेटेस्ट व्लॉग में शेयर की अपने दिल की बात,लिखा-

# बहुत हेल्पलेस महसूस कर रहा हूं



**सदी के** महानायक अमिताभ बच्चन जल्द ही कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 से टीवी पर वापसी कर रहे हैं। शो के प्रोमोज आ चुके हैं और 12 अगस्त से ये शुरू हो रहा है। केबीसी 16 को लेकर दर्शक काफी उत्साहित है। बिग बी ने इसकी शूटिंग शुरू कर दी है और सेट से उन्होंने फोटोज भी पोस्ट की थी। अब एक्टर ने एक भावुक करने वाला पोस्ट लिखा है, जिसमें वो उन लोगों के बारे में बात करे जो कौन बनेगा करोड़पति में कंटेस्टेंट बनकर आते हैं।

**बिग बी हुए इमोशनलः** अमिताभ बच्चन अक्सर अपने व्लॉग में अपने दिल की बात फैंस से शेयर करते रहते हैं। लेटेस्ट व्लॉग में बिग बी ने लिखा, खेल में कुछ नये और रोचक चेंजस लाए गए है, जिससे हम क्या सीखते हैं, उसपर प्रभाव पड़ेगा। इससे ऊपर वो भावनाए है जो कंटेस्टेंट हमसे अपनी कहानी शेयर करते हैं, वो किन मुश्किल परिस्थितियों में रहते हैं और फिर उनके सालों के कष्ट की मात्रा और अचानक वो खुद को हॉट सीट पर पाते है। उस मोमोंट की भावना से अभिभूत हो जाते हैं।

**बिग बी ने कही ये बातः** बिग बी ने आगे लिखा, ये सबसे ज्यादा मार्मिक है और कोई भी इन पुरुषों और महिलाओं के लाइफ की स्थिति को देखकर हेल्पलेस फील करते हैं, वो अपनी संघर्ष की कहानी को बताते हैं। इसके बाद भी उनके चेहरे पर स्माइल होती है, जिससे हमारा दिल पिघल जाता है। पिछले कुछ दिनों से कंटेस्टेंट और उनके लाइफ की कहानी हमारे पास आ रही है और हम भावुक हो जा रहे हैं। हम उनकी कहानी को सुनते हैं और उनकी म्मदद के लिए आगे आते हैं ताकि उनके कठोर जीवन के दुख को दूर कर सकें। बता दें कि बिग बी पिछली बार कल्कि में नजर आए थे।

## चियान विक्रम स्टारर 'तंगलान' का टाइटल ट्रैक 'तंगलान वॉर' रिलीज




**फिल्म** 'तंगलान' का मच अवेटेड टाइटल ट्रैक आखिरकार रिलीज हो गया है। चियान विक्रम और मालविका मोहनन स्टारर पा। रंजीत की फिल्म के ट्रेलर ने अपनी भव्यता और रहस्य से एक मजबूत प्रभाव सभी पर डाला है। ऐसे में अब, टाइटल ट्रैक 'तंगलान वॉर' की रिलीज के साथ, फैंस इस एपिक यूनिवर्स में और भी गहराई से गोता लगा सकते हैं। गाने के रिलीज के साथ जी वी प्रकाश द्वारा कंपोज्ड यह गाना अपने नाम की तरह जोश से भरा है, साथ ही एक अनोखे म्यूजिकल जर्नी पर ले जाता है। कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म के लिए इस दमदार गाने ने स्टेज तैयार कर दिया है। 'तंगलान' साउथ की एक और बड़ी फिल्म होगी। यह कोलार गोल्ड फील्ड्स की सच्ची कहानी बताती है कि अंग्रेजों ने इसे खोजा और अपने फायदे के लिए इसका इस्तेमाल किया। यह फिल्म साउथ इंडियन इंडस्ट्री द्वारा दर्शकों के लिए नए और अनोखे कॉन्सेप्ट लाने के ट्रेंड को जारी रखे हुए है। इस तरह से यह साउथ की एक और अनोखे कॉन्सेप्ट वाली फिल्म है। चियान विक्रम और मालविका मोहनन स्टारर तंगलान 15 अगस्त, 2024 को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में दुनिया भर में रिलीज होने वाली है। फिल्म का म्यूजिक जीवी प्रकाश कुमार ने कंपोज किया है।



## मृतकों के परिजनों से मिले बन्धु तिर्की

**चान्हो:** रविवार को चान्हो प्रखंड के कंजगी और लुंडरी मे वज्रपात से मृत व्यक्ति के परिजनों से मिले कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की। इस दौरान उन्होंने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता भी की। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र के बेयासी में सकलु उरांव लुंडरी में देवगी उरांव की वज्रपात से मौत हो गई थी।साथ ही कंजगी में हाथी द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए घरों का निरीक्षण किया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। की कई चीजों का भी वितरण किया गया. विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आम, जामुन, नीम, कटहल आदि के पौधे लगाये गये। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष नीलम, सचिव अन्नू, कांति, तनुजा, सुनीता, रमा सहित कई सदस्य मौजूद रहीं।

## झारखंड में सात पीटीटी जल्द काम करने लगेंगे : चंद्र प्रकाश चौधरी



**रांची:** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा है कि झारखंड में 07 अंशकालिक न्यायाधिकरण (पीटीटी) बहुत जल्द काम करने लगेंगे। उन्होंने कहा कि इसे लेकर वे झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार से लगातार संपर्क कर रहे हैं। शीघ्र कार्यवाही को लेकर गत 19 जून को एक अनुस्मारक भी भेजा गया है। इस संबंध में कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने भी एक अर्ध शासकीय पत्र बीते 25 जुलाई को झारखंड हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार को भेजा है। बताते चले कि कोयला मंत्रालय ने झारखंड में 07 पीटीटी का गठन किया है। झारखंड हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार द्वारा बीते 15 मार्च को जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को इन पीटीटी में पदेन पदाधिकारी नियुक्त करने का अनुरोध किया गया है। गिरिडीह सांसद ने कहा कि पीटीटी बहुत जल्द कार्यशील हो, इसे लेकर किया जा रहे अपने प्रयास से कोयला मंत्रालय के सचिव अमृतलाल मीणा को अवगत कराया है।

## मथुरा प्रसाद महतो की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन



विनय मिश्रा

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय शहर स्थित परिसदन चाईबासा के सभागार में झारखंड विधानसभा की विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) के सभापति मथुरा प्रसाद महतो- सविस झारखंड की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। समिति का जिला अंतर्गत निर्धारित स्थल भ्रमण यात्रा के क्रम में समिति सभापति के परिसदन आगमन पर जिला उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, अपर उपायुक्त कमलेश्वर नारायण एवं सहायक समाहर्ता अर्णव मिश्रा के द्वारा स्वागत पश्चात समीक्षा बैठक प्रारंभ हुआ। बैठक के दौरान समिति सभापति द्वारा जिला अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु लिए गए अनापत्ति प्रमाण पत्र, सीवरेज ड्रेनेज हेतु सड़क खोदने तथा जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन का जायजा लिया गया।

## जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं



भारतीय प्रशासनिक सेवा 2002 बैच के लोकप्रिय कर्मठ और अपने बेहतर कार्यों से पहचाने जाने वाले कोल्हान के पूर्व आयुक्त विजय कुमार सिंह के जन्मदिन पर श्री सिंह के परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों व लोगों ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी है । गौरतलब हो की श्री सिंह अपने व्यवहार, कुशलता, सादगी और मृदु भाषिता के कारण काफी लोकप्रिय है तथा भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेता के रूप में भी उनकी जबर्दस्त पकड़ है। सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करना तथा वर्तमान समय में उनके द्वारा एक लाख पौधे लगाने का उद्देश्य भी पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बना हुआ है ऐसे आईएएस अधिकारी और भाजपा के वरीय नेता से कोल्हान काफी हर्षित है।

## श्रावणी मेला में एसडीएम ने की छापेमारी भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त



**दुमका:** बासुकीनाथ में अवैध शराब विक्रेताओं के होश उस समय उड़ गए जब बीते शनिवार की रात बासुकीनाथ बस पड़ाव में चाय की दुकान में संचालित शराब के अड्डे का पदार्फाश हुआ, जिसमें पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब और बियर की बोतल जब्त किया। इस दौरान एसडीओ के साथ उत्पाद शुल्क निरीक्षक विक्रम कुमार मौजूद थे। छापेमारी को लेकर एक्साइज इंस्पेक्टर विक्रम कुमार ने बताया कि छापेमारी में 24 लीटर बीयर और 10 लीटर से अधिक विदेशी शराब चाय दुकान से बरामद की गई। शराब विक्रेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में दुकान संचालकों के खिलाफ शराब के अवैध बिक्री एवं भंडारण को लेकर कानून की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने को लेकर जांच टीम बनाएं सरकार: डॉ लंबोदर महतो

मेट्रो रेस

**रांची:** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा है कि हमने संपन्न विधानसभा के मानसून सत्र में कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने को लेकर विधायकों की एक जांच टीम बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा हमने सदन में अपने गैर सरकारी संकल्प के तहत कहा कि हम कुड़मी प्रकृति पूजक हैं,कुड़मालि भाषा है, सरना धर्म को मानते हैं, आदिम प्रथाएं हैं, सभी विशेषताएं हैं। उन्होंने कहा कि कुड़मी समुदाय छोटानागपुर क्षेत्र की प्राचीन जनजातीय समुदाय है। जिसे 3 मई 1913 ईस्वी के शिमला गजट में 13 जनजातियों के अंतर्गत उल्लेख किया गया है। इस गजट में 13 समुदाय (मुंडा, उरांव, संथाल ,हो भूमिज, खड़िया,धांसी,गोंड,कंधे कोरवा ,कुड़मी,मालेसौरिया,व पान) आदिवासी है। 1891 में एच एच रिजेल द्वारा व्यापक सर्वेक्षण कर जनजाति के रूप में चिह्नित किए गए थे 16 दिसंबर 1931 के पटना गजट में भी इन 13 समुदायों को एवं एबोरजिनल ट्राईव माना गया है। 1931 की जनगणना के समय अखिल भारतीय क्षेत्रीय कुर्मी महासभा के पुरजोर प्रयास के बावजूद तत्कालीन सेन्सस



सुपरीटेंडेंट ब्लू के लेसी ने परिशिष्ट पांच में छोटा नागपुर के कुड़मी लिखकर यहां के कुड़मी समुदाय के एबोरजिनल ओरिजिनल ट्राइब होने का उचित सिद्ध किया। कुड़मी जनजाति की अपनी पुरोखोनी कुड़मालि भाषा-संस्कृति जन्म विवाह व मृत्यु के रीति रिवाज प्रथागत परंपराएं व आदिम स्वशासन व्यवस्था आज भी कायम है। परंतु गैर-अनुसूचित जनजाति के रूप में रखकर सरकार इसे पूर्णतः कुड़मी समाज को नजरअंदाज किया गया है। हाई कोर्ट द्वारा कई मामले में इन्हें स्पष्टतः एबोरजिनल ट्राईव के रूप में मान्यता दी गई है तथा इस समुदाय के नियमों पर संचालित होने की पुष्टि की गई है। अन्य जनजातियों की तरह कुड़मी जनजाति पर भी हिंदू उत्तराधिकार कानून लागू नहीं होते जो कुड़मी को एक जनजाति तो साबित करती है परंतु इसे कई दशकों के अधिसूचित किए जाने पर अनावश्यक अड़ंगा लगाकर रखा गया है। उन्होंने कहा कि 13 जनजातियों में से किसी का भी 1913 के बाद दुबारा कोई सर्वेक्षण या लोकुर कमेटी 1965 में पुणे सर्वेक्षण का परीक्षण नहीं किया गया लेकिन उन्हीं 13 में से एक कुड़मी जनजाति को 1950 में बिना अधिसूचना के सूची से बाहर कर दिया गया। इस समुदाय के जनजातीय स्वत्व की पूर्ण बहाली हेतु लोकुर कमेटी 1965 के मापदंडों पर परीक्षण करने का दबाव बनाया जा रहा है। जो सर्वथा अनावश्यक है। अगर यह परीक्षण समयोजित प्रतीत होता है तो 1913 के गजट में उल्लेखित सभी 13 जनजाति समुदाय का परीक्षण किया जाना चाहिए या फिर यह समझा जाए कि सरकार सिर्फ कुड़मी समुदाय के प्रति पूर्वाग्रह की भावना रखती है। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से अभि स्ताव किया कि 23 नवंबर 2004 को झारखंड सरकार के मंत्रि परिषद द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में झारखंड राज्य की कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाए।

## झारखंड सरकार पश्चिम बंगाल में आई बाढ़ के लिए जिम्मेदार नहीं, दोनों सरकारें मिलकर करें काम : हिमंता विस्वा सरमा

मेट्रो रेस

**रांची:** पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में इन दिनों भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी चर्चा की है। खासकर तेनुघाट (बोकारो) से छोड़े जा रहे पानी के कारण बंगाल में बाढ़ की स्थिति बनने की चर्चा की है।

इस पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने रविवार



को सोशल मीडिया (एक्स) पर कहा है कि वे दीदी का सम्मान करते हैं लेकिन वे उनकी इस धारणा को स्वीकार नहीं कर सकते कि झारखंड सरकार पश्चिम बंगाल में आई बाढ़ के लिए जिम्मेदार है। दोनों सरकारों को लोगों की कठिनाइयों को कम करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। हर साल, अरुणाचल और भूटान पहाड़ियों से आने वाला पानी असम में बाढ़ का कारण बनता है। हालांकि, हम अरुणाचल सरकार या रॉयल भूटान सरकार को दोष नहीं देते। क्योंकि, हम समझते हैं कि पानी की कोई सीमा नहीं होती और यह स्वाभाविक रूप से नीचे की ओर बहता है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता ने एक्स के जरिए कहा है कि तेनुघाट से अचानक भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण बंगाल में बाढ़ की स्थिति बनी है। यह प्राकृतिक नहीं, मैन मेड संकट है। इस संदर्भ में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उन्होंने बात भी की है। उन्होंने दक्षिण और उत्तर बंगाल के डीएम को बाढ़ की स्थितिपर सजग रहने को कहा है। वे खुद भी इन सारी परिस्थितियों पर नजर रख रही हैं।

## पीड़िता को मुआवजा दिलाने का आश्वासन



**कोलेबिरा:** प्रखंड क्षेत्र के नवाटोली पंचायत इंदिरा आवास कॉलोनी निवासी दुलारी देवी पति शिबू नायक का घर लगातार हो रही बारिश के वजह से ढह गया, अब दुलारी देवी के परिवार को भारी कठिनाई हो रही है, सूचना मिलते ही नवाटोली पंचायत की मुखिया कल्पना देवी निरीक्षण के लिए पहुंची दुलारी देवी के परिवार से मिलकर उन्होंने तत्काल प्रशासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## क्रशर प्लांट लूटकांड का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**दुमका:** मेसर्स शिव शंकर इंटरप्राइजेज क्रशर प्लांट में लूटपाट की घटना का उद्भेदन करते हुए दुमका पुलिस देशी कट्टा एवं लूटा मोबाइल समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त तीन बाइक, मजदूरों के पास से लूटा गया चार मोबाइल एवं 27,550 रुपये नकदी बरामद किया है।

मामले का उद्भेदन रविवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में एसपी पितांतबर सिंह खेरवार ने किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में गिरीडीह जिले के पीरटांड थाना क्षेत्र के पत्थलजोर गांव निवासी करम लाल मुर्मू एवं सोनाराम हेम्ब्रम, बेंगाबांद गांव निवासी भुवनेश्वर हांसदा, डुमरी थाना क्षेत्र के कोलोचुंआ गांव निवासी मिकेश कुमार सोरेन एवं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोलबेड़ा गांव निवासी फूलचंद हांसदा शामिल हैं।



बीते दो अगस्त को करीब चार बजे शाम को 10 से 11 अपराधियों द्वारा जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के लखीबाद गांव स्थित मेसर्स शिव शंकर इंटरप्राईजेज क्रशर प्लांट में लूट की घटना को अंजाम दिया था। नकाबपोश अपराधियों ने बंदूक की नोक पर क्रशर प्लांट में मजदूरों से मारपीट करते हुए एक लाख 24 हजार रुपये एवं मजदूरों के मोबाईल को लूटपाट कर फरार हो गए थे। मामले को लेकए एसडीपीओ विजय कुमार महतो के नेतृत्व में टीम गठित कर अलग-अलग छापेमारी की गई। संदेह के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ के आधार पर पांच को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पड़ोसी जिलों समेत अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

छापेमारी टीम में काठीकुंड प्रभाग के इंस्पेक्टर नंदकिशोर प्रसाद, नगर थाना प्रभारी अमित लकड़ा, थाना प्रभारी मुफस्सिल नीतीश कुमार, थाना प्रभारी शिकारीपाड़ा हरिप्रसाद साह, थाना प्रभारी, जामा अजीत कुमार, थाना प्रभारी गोपीकांदर रंजीत मंडल, थाना प्रभारी काठीकुंड त्रिपुरारी कुमार, थाना प्रभारी दिग्घी ओपी अनुज कुमार, थाना प्रभारी मसानजोर ओपी राजेश कुमार व अन्य शामिल थे।

## पार्टी के रीढ़ होते है कार्यकर्ता: एनोस एक्का

**कुरडेग:** झारखंड पार्टी की बैठक रविवार को पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष आनंद ने की। बैठक में मुख्य रुप से पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झापा नेत्री आईरीन एक्का, जिलाध्यक्ष मतियस बागे उपस्थित थे। बैठक में संगठन मजबूती और विस चुनाव पर चर्चा की गई। एनोस एक्का ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में पार्टी के कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ कार्य कर रहे है जिसके कारण प्रतिदिन झापा का परिवार बढ़ रहा है। उन्होंने पार्टी के माध्यम से जनता की समस्या का समाधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिधियों के कार्यो की तुलना करते हुए लोगों को सच्चाई से अवगत कराना होगा। उन्होंने कहा कि झापा ही क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास कर सकती है। बैठक को अन्य झापा नेताओं ने भी संबोधित किया। मौके पर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। सभी लोगों को पार्टी का अंग वस्त्र भी देकर सम्मानित किया गया। बैठक में हर्ष बारला, जिशान खान, सुरजन प्रधान, मोहन अजय सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आगामी विस चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा एवं प्रबुद्ध जनों की बैठक

मेट्रो रेस

**रांची:** भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड के प्रभारी भोला सिंह की अध्यक्षता में रविवार को भाजपा एससी मोर्चा एवं प्रबुद्ध जनों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में भाजपा एस सी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड के प्रभारी भोला सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्य योजना के बारे में प्रदेश पदाधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने सभी प्रदेश पदाधिकारियों से कहा कि झारखंड के सभी अनुसूचित जाति छात्रावास में जाकर छात्रों से मुलाकात कर उनकी सूची बनाने, प्रदेश के सभी सामान्य छात्रावास में भी एस सी छात्रावास में जाकर सभी विधानसभा क्षेत्र के छात्रों से जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू होना और पार्टी के नीति सिद्धांत के बारे में उन्हें जानकारी देते हुए भाजपा के साथ जोड़ने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ प्रदेश के सभी बस्ती में जाकर अनुसूचित जाति के लोगों से उनकी बातें सुनकर एवं उनकी



समस्याओं से रूबरू होने के का निर्देश दिया गया है।

प्रदेश पदाधिकारी को संबोधित करते हुए भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री भोला सिंह ने सभी पदाधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम करने, मां के नाम से पेड़ लगाना, प्रदेश के सभी छात्रावास एवं कॉलेज में जाकर पौधरोपण करना, सभी प्रदेश पदाधिकारी को जिले में जाकर कर टोली बनाना शामिल है। इसके साथ उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि 12 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक प्रदेश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा पर माल्यार्पण करना और स्थानीय लोगों से मुलाकात करना शामिल है। इसके अलावा 15 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में सभी स्कूलों एवं कॉलेज में प्रदेश पदाधिकारी की सहभागिता का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने प्रदेश पदाधिकारी से कहा कि झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रमों को तैयार करना है और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी और संगठन को सशक्त और मजबूत बनाना की जिम्मेदारी दी गई है।

झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर बाऊरी ने बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों को कहा कि प्रदेश के वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार की नाकामयाबियों को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार दलितों के बारे में कोई सोच नहीं रखती है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का आरक्षण और संविधान तभी बचेगा जब हिंदू बहुसंख्यक रहेंगे। प्रदेश पदाधिकारी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार ने जो वायदे किए थे उसमें से एक भी वादा हेमंत सोरेन सरकार ने पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति का एक बड़ा आंदोलन मुद्दे के आधार पर तैयार करना है ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के साथ-साथ सभी समाज और वर्ग के लोग मिलकर इस नाकामयाब हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा सह सिमरिया के लोकप्रिय विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी प्रदेश के पदाधिकारियों को सभी जिलों में जाकर जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों से मिलकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना है ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में संगठन को सशक्त और मजबूत बनाया जा सकेगा। उन्होंने अनुसूचित जाति मोर्चा के नवगठित एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए निर्देश दिया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हम सबों को पूरी तैयारी करनी है और प्रदेश के सभी मंडल सहित बूथ अध्यक्ष तक पार्टी के नीति और सिद्धांत को घर-घर तक पहुंचना है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने कहा कि विधानसभा चुनाव में पार्टी के सभी निर्देशों का पालन करते हुए विधानसभा चुनाव जीतना हमारा लक्ष्य है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड प्रभारी भोला सिंह, झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाऊरी, डॉ. जीतू चरण राम, भाजपा राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य नीरज पासवान, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास सहित सभी प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रबुद्ध जन मौजूद थे।